वर्ष- 21 अंक - 332 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक

# सिटी ब्लास्ट

निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

इंदौर, सोमवार 18 मई 2026

### 9 महीने में 61 महिलाओं का शोषण करने वाले भारतीय को 13 साल की जेल

**एडिलेड.एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में भारतीय मूल के मसाज थेरेपिस्ट सुमित रस्तोगी को 13 साल 10 महीने की सजा सुनाई गई है। उस पर 9 महीने में उन 61 महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने का आरोप है जो मसाज के लिए पहुचीं थी।

# ट्रंप की धमकी से शेयर बाजार में तबाही 5 लाख करोड़ स्वाहा!

- संसेक्स 900 अंक गिरा
- रुपया ऑल टाइम लो पर
- तेल में लगी आग

**मुंबई ● एजेंसी**

पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने और कच्चे तेल में तेजी से आज घरेलू शेयर बाजार में भारी गिरावट आई है। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक गिर गया जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 250 अंक से अधिक गिर गया। इस गिरावट से बीएसई लिस्टेड कंपनियों के 5 लाख करोड़ स्वाहा हो गए। ट्रंप की ईरान को दी गई धमकी के कारण ब्रेंट क्रूड अभी 1.84 फीसदी तेजी के साथ 11.3 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। भारतीय बास्केट भी 0.24 फीसदी की तेजी के साथ 109.3 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।



**इस बीच रुपया एक बार फिर डॉलर के मुकाबले ऑल टाइम लो पर चला गया। शुरुआती कारोबार में रुपया 0.2 फीसदी गिरावट के साथ 96.18 तक चला गया। इसका पिछले ऑल टाइम लो 96.1350 था।**



# अब स्टेशन पर खड़ी ट्रेन में लगी आग

**सासाराम ● एजेंसी**

बिहार के रोहतास जिले के सासाराम रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक पैसेंजर ट्रेन में आग लगने से हड़कंप मच गया। यह हादसा सासाराम-पटना पैसेंजर ट्रेन में उस वक्त हुआ, जब ट्रेन स्टेशन पर रुकी हुई थी। हादसे में किसी भी यात्री के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। वक्त रहते उठाए गए कदमों की वजह से एक बड़ा हादसा होने से बच गया। इसके पहले कल रतलाम में राजधानी एक्सप्रेस में आग लगी थी।

## आग का गोला बना घर

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पिलखिनी गांव में गैस रिसाव के कारण एक घर में आग लग गई और पूरा घर आग का गोला बन गया। इस हादसे में घर में मौजूद 6 लोग और बचाने पहुंचे 3 लोग बुरी तरह झुलस गए।

## मासूम बच्चे सहित 10 लोगों को गोलियों से भूना

**मेक्सिको.एजेंसी। लैटिन अमेरिकी देश मेक्सिको के मध्य हिस्से में स्थित पुएब्ला राज्य में अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर एक मासूम बच्चे सहित कम से कम 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। हथियारबंद अपराधियों ने तेहुइतजिंगो में मौजूद पीड़ितों को निशाना बनाकर अचानक उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। इस खूनी खेल में छह पुरुषों, तीन महिलाओं और एक नाबालिग बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।**

## चीन में भूकंप इमारतें तबाह दो की मौत दर्जनों घायल कई लापता



**बीजिंग.एजेंसी।** चीन के दक्षिणी इलाके में आज सुबह भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 रही। भूकंप के चलते कई इमारतें धराशायी हो गईं। भूकंप से हुए हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। दर्जनों लोग घायल हो गए। जबकि कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। तबाह हुई इमारतों के मलबे में लापता लोगों की तलाश की जा रही है। कई इमारतों को खाली कराया गया है और 7 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है।

# बंगाल में ममता के भतीजे सहित कई तृणमूल नेताओं की सुरक्षा घटी

### 45 की उम्र तक मिल सकेगी सरकारी नौकरी

**कोलकाता ● एजेंसी**

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार ने वीआईपी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी समेत तृणमूल सहित कई राजनीतिक नेताओं, पूर्व अधिकारियों और प्रमुख व्यक्तियों की सुरक्षा घटा दी है और उनके आवासों से पुलिस सुरक्षा हटा ली है। इस बीच बंगाल की नई भाजपा सरकार ने सरकारी नौकरी के लिए आवेदन करने के लिए अलग-अलग ग्रुप में आयु सीमा 41 से 45 वर्ष तक कर दी है।

## दो बड़े आप नेताओं के यहां ईडी का छापा

**नई दिल्ली.एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के दो बड़े नेता और बिजनेसमेन दीपक सिंगला और राम सिंह के घर और दफ्तर पर ईडी की छापेमारी हुई है। दिल्ली और गोवा में बैंक धोखाधड़ी मामले में आम आदमी पार्टी के नेता दीपक सिंगला के घर पर तलाशी ली गई। वहीं, दिल्ली के सुभाष नगर में बाबाजी फाइनेंस ग्रुप के राम सिंह के घर पर जनता को धोखा देने और धोखाधड़ी से 180 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में तलाशी ली गई।

## ट्रक-मैजिक की टक्कर में 10 की मौत

**लखीमपुर.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश में लखीमपुर खीरी के ईसानगर थाना क्षेत्र में आज ऊंच गांव भरेहटा के बीच हाईवे पर मैजिक और ट्रक की आमने-सामने टक्कर में 10 लोगों की मौत हो गई। मैजिक में सवार कई लोग सीट के बीच में फंस गए।

## अमेरिका में भारतीय छात्रा की मौत

**शिकागो.एजेंसी।** अमेरिका के शिकागो के पास एक मिनी वैन खाई में गिरने से 25 वर्षीय भारतीय छात्रा नव्या गडुसु की मौत हो गई। हादसे में 6 अन्य लोग घायल हुए हैं।

## चुनाव परिणाम के 15 दिन बाद केरल में शपथ

**तिरुवनंतपुरम.एजेंसी।** 5 राज्यों के चुनाव की मतगणना 4 मई को हुई थी। चार राज्यों में पहले ही शपथ हो चुकी है, लेकिन एकमात्र केरल में जीत दर्ज करने वाले कांग्रेस गठबंधन का मुख्यमंत्री 15 दिन बाद आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहा है। वीडी सतीशन आज केरलम सीएम पद की शपथ लेंगे। 6 पार्टियों से कुल 21 मंत्री बनेंगे। इनमें कांग्रेस के 12 मंत्री हैं। आज शपथ समारोह में राहुल-प्रियंका और खरगे भी शामिल होंगे।

# आसमान में टकराए दो लड़ाकू विमान हुए टुकड़े-टुकड़े, लगी आग





**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका के 'माउंटेन होम एयरफोर्स बेस' में आयोजित एयर शो के दौरान दो अमेरिकी लड़ाकू विमान हवा में आपस में टकरा गए। इस भीषण टक्कर के बाद विमानों के परखच्चे उड़ गए। दोनों जेट एयरबेस से लगभग दो मील दूर जाकर गिरे। दुर्घटनाग्रस्त विमानों में आग लग गई। इस भयानक मंजर के बीच एक चमत्कार हुआ। टक्कर के ठीक कुछ सेकेंड बाद आसमान में चार पैराशूट खुलते हुए दिखाई दिए। इन पैराशूट से चारों क्रू मेंबर (पायलट) सुरक्षित उतर गए।

# राजनीति की भाषा दिन-प्रतिदिन हो रही है खराब -सांसद झा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

अभ्यास मंडल द्वारा जालसभागृह में ग्रीष्मकालीन व्याख्यानमाला के दूसरे दिन राज्यसभा सांसद मनोजकुमार झा ने मुख्य वक्ता की भूमिका निभाई और कहा कि हमारे देश में राजनीति की भाषा ऐसी हो गई है कि आज यदि महात्मा गांधी होते और वह चुनाव लड़ लेते तो वह भी हार जाते। राजनेता केवल इवीएम की भाषा समझते हैं और भाषा इवीएम को नहीं समझती है। राजनीति की भाषा तो हर दिन के




साथ खराब होती जा रही है लेकिन भाषा को लेकर चल रही राजनीति भी मन को दुखा रही है। आज हमारे देश की जनता को नेता के रूप में आक्रामक नेता चाहिए होता है। हम यह नहीं सोचते हैं कि हम अपना नुमाइंदा चुन रहे हैं, कोई पहलवान नहीं चुन रहे हैं। अब तो हालत यह हो गई है कि यदि 1920 के दौर वाले गांधी जी भी आ जाए तो आज के हालात को देखकर वे चुनाव नहीं लड़ेंगे और यदि लड़ेंगे तो उनकी जमानत जब्त हो जाएगी। राजनीति की इस बदलती भाषा के लिए हम सभी गुनाहगार हैं। लोकतंत्र में भाषा की गिरावट में कोई पार्टी पीछे नहीं है। पहले एक समय था जब यदि युवावस्था में भी किसी के मुंह से अपशब्द निकल जाता तो वह दोस्तों को पसंद नहीं आता था। आज तो इसी अपशब्द ने सम्मान की जगह ले ली है। 50 साल पहले भी आपातकाल के समय पर बनी थी और आज फिर वही स्थिति बन रही है। कोई भी व्यक्ति भारत नहीं हो सकता है क्योंकि भारत विशाल हृदय की सोच है। उन्होंने कई उदाहरण भी दिए। आज तीसरे दिन भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्रसिंह का व्याख्यान शाम 6 बजे से जालसभागृह में होगा। मनीष भालेराव, अनिल त्रिवेदी, ओपी गोयल, अरविंद तिवारी, रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, वैशाली खरे, शिवाजी मोहिते, श्यामसुंदर यादव, रामबाबू अग्रवाल, अन्ना दुराई, नेहा जैन, इशाक चौधरी, अंजेश मौजूद थे।

## गांधी भवन में अजा विभाग के जिला अध्यक्ष ने ली शपथ



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जिला कांग्रेस के संगठन मंत्री दौलत पटेल ने बताया कि गांधी भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में विजय बिलोनिया ने अनुसूचित जाति जिला ग्रामीण अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद अपना पदभार ग्रहण किया। अजा विभाग के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, विपिन वानखेड़े, सदाशिव यादव, दौलत पटेल मौजूद रहे। डॉ. भीमराव आम्बेडकर और महात्मा गांधी के चित्र पर पूजन किया गया।

## राजा के बयान का विरोध

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ से जुड़े सांसद प्रतिनिधि डॉ. संतोष वाधवानी ने सांसद दिग्विजय सिंह के बयान सनातनी होने पर आपत्ति ली। हिन्दू और सनातन का फर्क गलत बता रहे हैं। वाधवानी ने कहा कि वीर सावरकर और जिन्ना का फर्क हर भारतीय बहुत अच्छे से जानते हैं।

## युवा कांग्रेसियों का संविधान लीडरशिप अभियान

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अंकित फतेपुरिया ने युवा कांग्रेसियों की मौजूदगी में संविधान लीडरशिप अभियान का अल्टरनेट मीडिया का शुभारंभ किया और मीडिया से चर्चा में कहा कि यह सिर्फ एक अभियान नहीं बल्कि सत्ता के दबाव में दबती आवाज़ों के खिलाफ एक जनआंदोलन है। इसका उद्देश्य हिन्दुस्तान में अल्टरनेट मीडिया की क्रांति खड़ी करना है, ताकि हर जिले से सच बोलने वाली आवाज़ उठे और झूठ के साम्राज्य को चुनौती दे सके। अब हर युवा बनेगा कलम का योद्धा, हर जिला बनेगा सच की आवाज़, और हर मंच बनेगा संविधान की रक्षा का रणक्षेत्र। यह अभियान नहीं इंकलाब की शुरुआत है! इस अवसर पर दानिश खान, नितिन कुशवाह, रेहान अंसारी,फरीद अंसारी, मोइनुद्दीन अंसारी, शाहरुख खान, सचिन पवार, जितेंद्र पाटिल मौजूद थे।



## जन समस्याओं को लेकर कल संस्था चलाएगी हस्ताक्षर अभियान

### बैठक में हुआ निर्णय



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

सेवा सेतु शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा सुदामा नगर रवि वर्मा के निवास पर जल समस्या को लेकर बैठक आयोजित की गई। संस्था के हिमांशु यादव, संजय तीसगांवकर, शैलेश त्रिपाठी, रवि वर्मा ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि बढ़ती गर्मी में शहर के हाल बद से बदतर होते जा रहे शहर के लोग पीने के पानी को तरस रहे हैं। आम जनता की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए संगठन द्वारा नगर निगम के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा जिसकी शुरुआत कल 19 मई मंगलवार को सुबह 9 बजे फूटी कोठी चौराहा पर संगठन द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर की जाएगी जिसके बाद शहर में जगह जगह हस्ताक्षर अभियान चलाए जाएंगे। कल बैठक में अजय भट्ट, आशीष शुक्ला, अंतर सिंह राजपूत, राजेश शुक्ला, देवराज विश्वकर्मा, राजेश परमार, अनिल ऐजा, संदीप सोनी, नरेंद्र सिंह बिसेन, नितिन यादव उपस्थित थे।

# दो पहिया वाहनों पर चढ़ा दी पेट्रोल वृद्धि पर फूलमाला

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, टैक्स कम कर दो भाव कम हो जाएगा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि**



शहर कांग्रेस के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने बताया कि चुनाव खत्म होने के बाद केन्द्र सरकार ने सबसे पहले दूध, फिर सीएनजी और अब पेट्रोल-डीजल पर दर वृद्धि की है, इसके पहले कमर्शियल गैस टंकी पर भी अनाप-शनाप वृद्धि कर दी है, जिससे सीधा असर महंगाई पर आ रहा है। पेट्रोल-डीजल से सीधा लोगों पर मार पड़ेगी और ट्रांसपोर्टर से लेकर निजी बसों का किराया भी बढ़ेगा। खासतौर से नौकरी-पेशा के लोग परेशान होंगे इसलिए कांग्रेसियों ने दो पहिया वाहनों पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि का कार्यक्रम भी कर दिया। विशाल चतुर्वेदी, कमलेश पाठक, सुनील यादव, संजय अरोड़ा, लवेश यादव, बंटी बदलानी, अख्तर जावेद, प्रतीक मित्तल, बंधन शुक्ला, जतिन लश्करी, गोविंद शर्मा, अशोक चौधरी, शहजाद हुसैन, फिरोज बाबा, बरकत खान, कालू रत्नाकर, रूपचंद सोलंकी, मुन्ना अंसारी, अशोक शर्मा, सतू शर्मा, लक्ष्मण खत्री, रविकांत सैनी सहित अन्य मौजूद थे।

## विधायक और महापौर को दिया रहवासियों ने ज्ञापन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**



मंगल मूर्ति राहवासी संघ ने महापौर पुष्पमित्र भार्गव, विधायक महेंद्र हार्डिया को पार्षद प्रणव मंडल की मौजूदगी में ज्ञापन दिया। पानी की कमी बताई गई और कहा कि नल का समय बढ़ाया जाए, पानी की नई टंकी का भूमिपूजन किया जाएं और यह भी कहा कि हम नल का बिल भर रहे है और पानी नहीं के बराबर आ रहा है। इस अवसर पर श्रवण वर्मा, जयदीप मांजरेकर, हरीश कपूर, बापुलाल पाटिल, जयप्रकाश इन्दौरिया, विवेक सिन्हा, विनित खण्डेलवाल, गुंजन कुंठे, अशोक राय, संजु ठाकुर, बसीलाल पुरोहित, संदीप रावत, भेरोलाल जोशी मौजूद थे।




## मैच के दौरान पहुंचे पूर्व विधायक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

देपालपुर विधानसभा पर निगाह लगाए हुए पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने अब अलग-अलग तहसील और ब्लॉक में पहुंचना भी शुरू कर दिया है। पटेल के पिता रामेश्वर पटेल की स्मृति में डे-नाइट क्रिकेट लीग में भी पटेल ने पहुंचकर चैम्पियन ट्रॉफी का अनावरण किया। इस दौरान कांग्रेसी मौजूद रहे। उक्त जानकारी मोहन चौधरी ने दी।

# कांग्रेस के दो पार्षदों ने पानी के लिए मचाया हंगामा, चक्काजाम भी

## गंभीर संकट के हालात में निगम के पास नहीं कोई योजना, गौरी नगर में पानी की कमी, खातीपुरा में जाम

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कांग्रेस ने पिछले सप्ताह ही 22 निगम के झोनल कार्यालयों पर पानी संकट को लेकर घेराव किया था और नारेबाजी कर पानी देने की मांग की गई थी। पूरे शहर में जल संकट बना हुआ है, लोग पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। निगम के पास इन गंभीर हालात में पानी की समस्या को संभालने के लिए कोई योजना नहीं है। आज वार्ड 20 के गौरी नगर में पानी की समस्या को लेकर कांग्रेसी पार्षद यशस्वी अमित पटेल ने हंगामा खड़ा किया और साथ देने कांग्रेसी पार्षद राजू भदौरिया भी पहुंच गए और देखते ही देखते रहवासियों के साथ कांग्रेसियों ने मिलकर गौरी नगर की पानी की समस्या पर खातीपुरा में जाम की स्थिति पैदा कर दी। पहले से ही जल



संकट के आसार दिख रहे थे फिर भी नगर निगम ने जल संकट पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने सूझबूझ से काम नहीं लिया, ना ही कोई भावी योजना बनाई। पहले ही नल एक दिन छोड़कर आता है और उसमें भी कुछ जगह सुबह गंदा पानी और फिर धीमी गति से पानी आता है। आज गौरी नगर में जल प्रदाय नहीं हुआ तो पानी को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। कांग्रेस पार्षद यशस्वी पटेल के क्षेत्र में युवक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अमित पटेल और दूसरे पार्षद राजू भदौरिया सहित अन्य कांग्रेसी और रहवासी नाराज होकर रोड पर आ गए और खातीपुरा क्षेत्र में जाम की स्थिति पैदा कर दी। लोगों में जमकर गुस्सा देखा गया और नारेबाजी भी की गई।

# जैन सामाजिक संसद में दोनों तरफ बन गए कई पदाधिकारी

## जिनके खिलाफ चुनाव लड़ा था हो गए उनके साथ जिसने किया था समर्थन उनके ही लोग तोड़ लिए

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कई सालों तक दिगम्बर जैन समाज में दो सामाजिक संसद चलती रही वही स्थिति अब फिर से बन गई है। प्रारंभिक दौर में समाज के कुछ वरिष्ठजनों ने सामाजिक संसद का निर्माण कर विनय बाकलीवाल को अध्यक्ष बनाया था और उसके बाद विनय बाकलीवाल ने टीम का निर्माण कर पदाधिकारी बनाए थे। बाकलीवाल के अध्यक्ष बनने के बाद कासलीवाल खेमे की ओर से चुनाव की घोषणा कर दी गई थी, जबकि पूर्व में चुनाव में आनाकानी की जा रही थी। चुनाव में जब




कासलीवाल खेमा ने टीम उतारी तब लग रहा था कि कोई सामने नहीं आएगा, लेकिन आनन्द गोधा जब सामने आए तो उनको विनय बाकलीवाल वाली सामाजिक संसद ने पूरा समर्थन किया। सूत्रों का यह भी कहना है कि चुनाव के पहले जब गोधा और बाकलीवाल खेमा एक साथ बैठकर भगवान की तस्वीर के समक्ष कहा गया था कि हम एकजुट रहेंगे और दोनों मिलकर एक ही पदाधिकारी रखेंगे। चुनाव जीतने के बाद बाकलीवाल से तालमेल रखा जाएगा, लेकिन कुछ दिनों की चुप्पी के बाद गोधा खेमे ने अब फिर महल की तरफ हाथ बढ़ाकर कासलीवाल खेमे से सामाजिक राजनीति में हाथ मिला लिया। अब गोधा और कासलीवाल खेमा जो आमने-सामने चुनाव लड़ा था वह एक हो गए और जिस विनय बाकलीवाल ने गोधा को समर्थन दिया था अब उनकी ही टीम के पदाधिकारियों को तोड़ना शुरू कर दिया गया। विनय बाकलीवाल के कई पदाधिकारियों को अब गोधा की सामाजिक संसद में पदाधिकारी बना दिया गया है। मुख्य जैन समाजजनों के अलावा महिला विंग में भी तोड़फोड़ की गई है और युवाओं पर भी डोरे डाले गए हैं। अब दो सामाजिक संसद की दो नाव में कई पदाधिकारियों ने दोनों में पैर रखकर पद ले लिए। सूत्रों का तो यह भी कहना है कि सामाजिक संसद पर महासमिति ने आधा-आधा कब्जा कर लिया है। कहा तो यह भी जा रहा है कि महासमिति के कर्ताधर्ताओं ने योजनाबद्ध तरीके से दोनों सामाजिक संसद में पदाधिकारी बनवाकर कमान अपने पास रखने की जुगत शुरू कर दी है। कुछ उधर गए पदाधिकारियों का कहना रहा कि संविधान संशोधन को लेकर तो कुछ ने बाकलीवाल खेमे में कुछ लोगों का हस्तक्षेप बताया जिनके कारण काम नहीं कर पा रहे हैं। जिन लोगों ने गोधा के खिलाफ चुनाव लड़ा था और जो लोग कासलीवाल खेमे में खड़े थे वे अब सभी गोधा की टीम में नजर आ रहे हैं। यह सब कुछ सामाजिक संसद से गठजोड़ गोधा और कासलीवाल टीम क़ी साधारण सभा के पहले हुआ, जिसका असर सभा में देखने को मिला। साधारण सभा में कासलीवाल खेमा और परिवार भी मौजूद रहा।

140 मंदिरों के पदाधिकारी और समाजजनों की मौजूदगी में साधारण सभा में बने नए पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई गई। इनमें नवीन गोधा कार्यकारी अध्यक्ष एवं आनंद कासलीवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विपुल बांझल उपाध्यक्ष, प्रिंसपाल टोंग्या एवं हर्ष जैन महामंत्री, विजय पाटोदी कोषाध्यक्ष, हेमन्त मोदी सीए, महेन्द्र जैन सीए मंत्री सहित अन्य को शपथ दिलाई। वहीं कई कार्यों की जानकारी भी इस सभा में दी गई। कई वरिष्ठजन मौजूद रहे।

# कांग्रेस के पूर्व पार्षद की शिकायत पर होगी वनश्री कॉलोनी में रिमूवल

## निगम की कॉलोनी सेल ने भवन अधिकारी को दिया निर्देश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

**इंदौर नगर निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 18 के क्षेत्र में विकसित की जा रही वनश्री कॉलोनी में रिमूवल करने का आदेश दिया गया है। यह आदेश निगम की कॉलोनी सेल द्वारा क्षेत्र के भवन अधिकारी को दिया गया है।**

कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद दिलीप कौशल के द्वारा 4 मई को इंदौर नगर निगम की कॉलोनी सेल में एक शिकायत की गई थी। इस शिकायत की नगर निगम के द्वारा तकनीकी टीम के माध्यम से जांच करवाई गई। इस जांच की रिपोर्ट सामने आने के बाद निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह ने निगम के क्षेत्र के भवन अधिकारी को एक आदेश भेजा है। इस आदेश में कहा गया है कि वनश्री कॉलोनी के स्वीकृत अभिन्यास के विपरित सार्वजनिक सडकों एवं बगीचे का क्षेत्रफल कम करके भूखण्डों में समाहित कर विक्रय करने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गई है। उक्त कॉलोनी से संबंधित पूर्व में प्राप्त शिकायतों के क्रम में ग्राम चितावद तहसील व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक 203/1 कुल रकबा 0.797 हेक्टेयर भूमि पर विकसित वनश्री कॉलोनी की स्थल निरीक्षण जांच रिपोर्ट तकनीकी समिति कॉलोनी सेल से प्राप्त की गई है, जिसमें वनश्री कॉलोनी हेतु संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश विभाग इन्दौर द्वारा स्वीकृत अभिन्यास के आधार पर मौके पर अनियमितताएं होना बताया गया है, जिसकी प्रति पूर्व में कार्यालयीन पत्र से भवन अनुज्ञा शाखा की ओर भेजी गई है। इस आदेश में कहा गया है कि प्राप्त शिकायत एवं पूर्व में कार्यालयीन पत्र से तकनीकी समिति कॉलोनी सेल द्वारा प्रस्तुत स्थल निरीक्षण जांच रिपोर्ट नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है। अब क्षेत्र के भवन अधिकारी को नगर निगम की रिमूवल टीम से सामंजस्य स्थापित कर इस कॉलोनी में नियम के विपरित किए जा रहे हैं निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम देना है।

# श्वान अगर पालतू है तो अपराधी....आवारा है तो नगर निगम के लिए प्यारा-कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

नगर निगम के महापौर पुष्यमित्र के इस आदेश पर कि अगर पालतू श्वान सड़क पर मल करेगा तो मालिक पर 5000रुपये दंड अधिभारित किया जायेगा। इसपर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद कुमार व्दिवेदी ने सवाल किया कि क्या आवारा श्वान नगरनिगम के व्दारा उपलब्ध करवाए गए शौचालय में शौच करते हैं। महापौर बताए ऐसे कितने शौचालय निर्माण किए गए हैं और कहां कहां। दूसरा सवाल यह है कि उच्चतम न्यायालय आदेश का पालन अभी तक नगरनिगम ने किया क्यों नहीं किया तो बताए कि इंदौर में कुल कितने पिंजरा पोल बनाए गए हैं और कहां कहां और उसमें कुल कितने श्वान रखें गये है। महापौर जी नगरनिगम श्वान नसबंदी योजना चला रहा, जब योजना शुरू हुई थी शहर में आवारा श्वान संख्या 65000के लगभग थी अब एक लाख पैंसठ हजार से अधिक है जबकि नसबंदी योजना के बाद संख्या कम होना चाहिए,,ये संख्या बढ़ती जा रही है। और दस करोड़ से अधिक की राशि इस मद में नगर निगम व्यय कर चुका है। इंदौर में आवारा कुत्तों मतलब श्वान के व्दारा काटने के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं आपके आदेश से ऐसा लगा कि इन आवारा कुत्तों को नगरनिगम पाल रही है, संरक्षण दिए हुए हैं। महापौर जी आप भी कानून विद है तो उच्चतम न्यायालय आदेश का महत्व भली-भांति जानते समझते हैं फिर सवाल ऐसे कितने लोगों पर कार्यवाही हुई जो आवारा कुत्तों को रोटी दूध आदि उपलब्ध करवाते हैं क्योंकि उच्चतम न्यायालय ने सवाल उठाया है अपने आदेश में और कार्यवाही करने का आदेश भी, पालतू श्वान के काटने पर मालिक पर अपराधिक मामला दर्ज किया जाता है तो रोज सैकड़ों लोगों को आवारा कुत्तों व्दारा काटा जा रहा है, तो नगरनिगम के अधिकारियों पर अपराधिक मामले दर्ज किए जाएं तथा जो जगह जगह गंदगी फैलाई जाती है उसके लिए किस पर दंड अधिभारित करेंगे। उक्त पूर्ण जानकारी प्रमोद कुमार व्दिवेदी एड्वोकेट द्वारा दी गई।

# धार रोड पर काल बनकर दौड़ा टैंकर.. बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर

## मां समेत 2 वर्षीय बेटे और 1 साल की मासूम बेटी की मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि





धार रोड पर एक बेकाबू टैंकर ने एक हंसते-खेलते परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे की विभीषिका इतनी भयानक थी कि दो मासूम बच्चों ने अपनी मां के साथ तड़पकर मौके पर ही दम तोड़ दिया।

दुर्घटना धार रोड स्थित हाई लिंक सिटी के सामने की है। ग्राम कलरिया के रहने वाले अशोक देवड़ा अपनी पत्नी अनिता (30), दो वर्षीय बेटे रोहन और मात्र एक वर्ष की बेटी संतोषी के साथ मोटरसाइकिल से किसी काम के सिलसिले में धार रोड से गुजर रहे थे। पूरा परिवार बाइक पर सवार होकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहा था तभी हाईलिंक सिटी के मुख्य मार्ग के सामने तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे टैंकर के चालक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का संतुलन बिगड़ गया और अनिता दोनों बच्चों सहित उछलकर सड़क पर जा गिरीं। इसी दौरान अनियंत्रित टैंकर का पहिया उन्हें कुचलता हुआ आगे निकल गया। इस रोंगटे खड़े कर देने वाले हादसे में सिर और शरीर में गंभीर चोटें आने के कारण अनिता मासूम रोहन (2 वर्ष) और दुधमुंही बच्ची संतोषी (1 वर्ष) की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बाइक चला रहे अशोक देवड़ा भी घायल हो गए। दुर्घटना के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुँची पुलिस ने लहूलुहान हालत में अशोक को तुरंत नजदीकी अस्पताल भिजवाया, घटना की सूचना मिलते ही चंदन नगर थाना पुलिस बल मौके पर पहुँचा। पुलिस ने पंचनामा बनाकर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।

# महापौर पहुंचे दौरा करने तो लोगों ने बता दी समस्या

## किसी ने कहा पानी का प्रेशर कम है, तो किसी ने कहा बगीचा का विकास नहीं हुआ

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

महापौर पुष्यमित्र भार्गव आज सुबह जब दौरा करने के लिए पहुंचे तो लोगों ने उन्हें समस्याएं बता दी। किसी ने कहा क्षेत्र में पानी कम प्रेशर से आ रहा है तो किसी ने कहा बगीचे का विकास नहीं हुआ है। भार्गव ने वार्ड क्रमांक 42 का स्वच्छता एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के तुलसी गार्डन, गुलमोहर एक्सटेंशन, पालीवाल नगर, साकेत विभिन्न क्षेत्र अवलोकन के साथ रहवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं ओर सुझाव भी प्राप्त किए।

पालीवाल नगर के रहवासियों ने बताया कि क्षेत्र में जो गार्डन है उसमें योग शेड का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके बनने से क्षेत्र में एक्सरसाइज करने वाले लोगों को आसानी होगी साथ ही क्षेत्र में पानी की सप्लाई शत प्रतिशत है लेकिन कुछ जगह पर पानी का प्रेशर कम है और कुछ जगह कम प्रेशर के साथ आ रहा है। कई जगह पेड़ बड़े है उनकी छंटाई नहीं हो रही है। महापौर ने कहा कि सारी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को कहा कि तत्काल जल आपूर्ति ठीक हो, पेड़ों की छंटाई भी की जाए और तुलसी नगर के गार्डन का विकास भी किया जाए। रवासियों ने एल एंड टी से संबंधित शिकायतें भी की। रहवासयों ने गार्डन में कुर्सिया नहीं होने की बात कही तो इस पर भी महापौर ने आश्वासन दिया और कहा कि गार्डन का समग्र विकास कराया जाएगा। योग शेड, बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम उपकरण पर भी आगे कार्ययोजना बनाने की बात कही गई।

## कामगार संघ बांटेगा वृद्धा आश्रम में स्कार्फ और तौलिए

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नगर निगम कर्मचारी कामगार संघ के संयोजक महेश गौहर ने बताया कि संघठन अपने पुरोधाओं की याद में उनकी पुण्य तिथि पर एक पौधा लगाने का कार्य करता आ रहा है। सेवा कार्य के अन्तर्गत वृद्धा आश्रम में कल 19 मई को दोपहर 3 बजे सभी महिलाओं सहित पुरुषों को लू से बचने के लिए स्कार्फ एवं तोलिए बांटने के साथ नाश्ता भी कराया जाएगा, एवं साधना करोसिया की स्मृति में पौधारोपण भी किया जाएगा।

## कुंड से मौनी बाबा आश्रम तक निकली कलश यात्रा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** कल से शुरू हुए पुरुषोत्तम मास में संत मौनी बाबा आश्रम सांवेर रोड पर भागवत कथा शुरू हुई उसके पूर्व कलश यात्रा बाणेश्वरी कुंड से आश्रम तक निकाली गई। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया। आयोजन में अमित शर्मा, सुमित श्रीमाली, रविन्द्र हाड़ा, मौसम निगम, शुभम हाड़ा, माखन मालवीय, शुभम यादव, चेतन चौहान, गोलू यादव, राज गुर्जर, अजयसिंह डोनू, महेश प्रजापत एवं जय राधे मोहन सेवा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए कलेक्टर का बड़ा कदम

## अब हर सोमवार होने वाली बैठक होगी वर्चुअल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**कलेक्टर शिवम वर्मा ने एक बड़ा कदम उठाते हुए पेट्रोल डीजल बचाने के लिए पहल की है। उन्होंने हर सोमवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित होने वाली बैठक को वर्चुअल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। यह बैठक महत्वपूर्ण रहती है और इसमें सभी विभागों के अधिकारी भाग लेने के लिए पहुंचते हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनज़र लिए गए निर्णयों के परिपालन में इंदौर जिला प्रशासन द्वारा अभिनव पहल की गई है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने प्रति सप्ताह सोमवार को आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक को वर्चुअल माध्यम से आयोजित करने का निर्णय लिया है। आज सोमवार को आयोजित होने वाली समय-सीमा पत्रों के निराकरण संबंधी टीएल बैठक वर्चुअल रूप से आयोजित की जा रही है। सामान्यतः इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में अधिकारी कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर शामिल होते हैं। अब कलेक्टर कार्यालय स्थित विभागों के अधिकारियों को छोड़कर अन्य विभागों के अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक में सहभागिता करेंगे।

इस पहल का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों को अधिक सुगम, समयबद्ध एवं प्रभावी बनाना है। साथ ही अनावश्यक आवागमन को कम कर समय एवं संसाधनों की बचत सुनिश्चित करना भी है। जिला प्रशासन की यह पहल आधुनिक तकनीक के बेहतर उपयोग एवं सुशासन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

# लायंस इंटरनेशनल अधिवेशन में इंटरनेशनल डायरेक्टर का चुनाव

## इन्दौर में होने वाले दो दिवसीय आयोजन में 20 हजार से अधिक लायन रहेंगे मौजूद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

लायंस क्लब्स इंटरनेशनल का अधिवेशन योजना क्रमांक 78 स्थित संगीत कला अकादमी में आगामी 23 और 24 मई को आयोजित किया जाएगा। अलग-अलग प्रांतों से क्लब के 20 हजार से अधिक पदाधिकारी और लायंस सदस्य दो दिनों तक मौजूद रहेंगे। इस आयोजन को लेकर सभी प्रांतों के सदस्यों में उत्साह है। इंदौर में इस बड़े समागम के लिए एक विशेष आयोजन समिति का गठन किया गया है, जिसमें विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधिवेशन की शुरुआत 23 मई को दीप प्रज्वलन और केन्या व भारत के राष्ट्रगान के साथ होगी।लायंस इंटरनेशनल के इंटरनेशनल डायरेक्टर का चुनाव भी किया जाएगा। आयोजन में नैरोबी से इंटरनेशनल प्रेसिडेंट लायन मनोज शाह, पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर रमेश प्रजापति, विजय के. राजू, राजू वी. मनवानी, एन.एस. शंकर बाबू राव, कमलेश जैन, विनोद कुमार लाडिया, प्रवीण छाजेड़, रीता छाजेड़, द्वारका जालान, भावना शाह और गीता सालवे शामिल होंगे। मनीष शाह, त्रिलोक बर्डिया रायपुर, पीयूष गांधी, परविंदर भाटिया, अनिल खंडेलवाल को मुख्य जिम्मेदारी दी गई है। इसी अधिवेशन में मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन का चयन और काउंसिल का गठन होगा। आगामी वर्ष के सेवा कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जाएगी। कार्यक्रम में परेड, बैनर, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, मनोरंजन कार्यक्रम भी होंगे।

### चुनाव में मतदान, दूसरे दिन सम्मान

लायंस क्लब्स इंटरनेशनल के अधिवेशन में इंटरनेशनल डायरेक्टर का चुनाव 23 मई की शाम 4 बजे से मतदान के रूप में होगा। सभी अधिकृत मतदाता वोट डालेंगे। वहीं 24 मई को अलग-अलग सेवा कार्य करने वालों का सम्मान किया जाएगा। सेवा कार्य और संगठन मजबूती पर भी विशेष चर्चा होगी।

# कल देर रात तक करते रहे ईद के लिए बकरा पसंद

## कल होता रहा चांद के दीदार का इंतजार

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** मुस्लिम और बोहरा समाज का दूसरा बड़ा पर्व बकरीद समीप आ रही है और इसके लिए कल रविवार को कई जगह बकरों की खरीद-फरोख्त मंडी लगी हुई थी, बाहर से भी बड़ी संख्या में बकरे बेचने के लिए लाए थे और लोगों ने अपनी जरूरत और बजट के मुताबिक बकरे पसंद किए। कई बकरे अभी भी बिकने से रह गए, वे वापस अपने क्षेत्रों में पहुंचे। कल मुस्लिम समाजजनों ने चांद के दीदार का इंतजार भी किया, लेकिन चांद के दीदार नहीं हुए। अब आज चन्द्रमा के दीदार होंगे और उसी आधार पर अब 28 मई को ईदुल अजहा बकरीद मनाई जाएगी। महत्वपूर्ण बात यह है कि अब एक रविवार और आएगा, जिसमें बकरे खरीदी और बिक्री का काम होगा।



## तारों के जंजाल से शहर कब मुक्त होगा?

### महापौर से किया प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रश्न

इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता एड्वोकेट प्रमोद कुमार दि्ववेदी ने इंदौर नगर निगम महापौर पुष्यमित्र से सवाल किया कि आखिरकार इंदौर शहर कब केवल तारों से मुक्ति पाएगा। पूरे शहर की गलियों-गलियों में तारों के जाल बिछे हुए जो जंजाल के रूप में नजर आते है। द्विवेदी ने कहा कि कहने को अंडरग्राउंड लाईन पानी, ड्रैनेज, गैस, टेलीफोन की है परंतु स्मार्ट शहर में केबल तार टाट का पैबंद लगे हुए कालीन की तरह दिख रहा है क्या स्वच्छता अभियान इस पर नहीं चलेगा। आप ही नहीं आपके बड़बोले पार्षद जीतू यादव जब महापौर परिषद सदस्य थे बड़ी बड़ी ढींग हांकी थी, वे पदमुक्त है अतः जबाबदेही खत्म पर महापौर आपकी जवाबदारी है बताए कब केबल तारों से मुक्ति पायेगा शहर।

# आउट ऑफ कंट्रोल होता जा रहा जलसंकट

## पानी नहीं मिलने से आपा खो रहे लोग, टैंकर भरने और जीपीएस मॉनिटरिंग सिस्टम हुआ फेल, हर दिन हो रहे विवाद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में जल संकट और उससे निपटने की स्थिति धीरे-धीरे आउट ऑफ कंट्रोल की ओर बढ़ रही है। नगर निगम द्वारा किए गए दावे फेल हो रहे हैं। मॉनिटरिंग सिस्टम कमजोर होने के कारण टैंकरों से जल वितरण की व्यवस्था जिन लोगों के लिए बनाई गई है उन लोगों तक नर्मदा का पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे लोगों का गुस्सा और आक्रोश नगर निगम के जोन कार्यालय, हाईड्रेंट और अधिकारियों को झेलना पड़ रहा है, ऐसा इसीलिए हो रहा है क्योंकि नगर निगम के जल वितरण सिस्टम में प्राइवेट पानी बेचने वालों की एंट्री हो चुकी है और लोगों के हिस्से का पानी बाजारों, होटल, हॉस्टल और मॉल में भेजा जा रहा है।

### पानी पूरा लेकिन पूरी क्षमता से नहीं भरी जा रही टंकियां

शहर में इन दोनों पानी का खेल इस तरह से जारी है कि नर्मदा का पानी भरपूर जलुद से इंदौर पहुंच रहा है, इसके बावजूद भी नर्मदा की पानी टंकियां 6 मीटर तक नहीं भरा रही है, तीन से चार मीटर तक पानी की टंकियां भरा रही है जिसके कारण कॉलोनी में लोगों को पानी 10 से 15 मिनट ही मिल पा रहा है ऐसी स्थिति में पानी नहीं मिलने से लोग बेकाबू हो रहे हैं। क्योंकि लगभग आधा मीटर पानी टंकी में टैंकरों के लिए बचाया जा रहा है जबकि दूसरा खेल सम्प में डेढ़ मीटर तक पानी बचाया जा रहा है जो की नर्मदा टंकी में आम लोगों के लिए सप्लाई होना था, सम्प में बचे इस पानी को हाइड्रेंट से टैंकर भरने के काम में लिया जा रहा है।

### पानी की टंकी भरने की जिम्मेदारी एलएनटी को लेकिन जिम्मेदार गायब

नगर निगम द्वारा नर्मदा पानी की टंकियां को भरने की जिम्मेदारी ठेके पर एलएनटी कंपनी को दी गई है जिसके तहत कंपनी को टंकी साफ करने से लेकर टंकी भरने की मॉनिटरिंग के लिए कर्मचारी नियुक्त करने, वॉल खोलने और बंद करने के लिए वॉलमेन रखना है। लेकिन नर्मदा की टंकियों से एलएनटी के कर्मचारी गायब हैं और वॉल खोलने और बंद करने की जिम्मेदारी नगर निगम कर्मचारियों ने ले रखी है या फिर सीधे तौर पर कहा जाए तो पार्षदों ने अपने आदमी यहां बैठा रखे हैं इसीलिए टंकियां उनके अनुसार भरी जा रही है। नगर निगम द्वारा एलएनटी को सालाना मेंटेनेंस के एवज में करोड़ों रुपए की राशि दी जा रही है इसके बावजूद भी पूरा एकाधिकार टंकियों पर जनप्रतिनिधियों का है और इसी सिस्टम में सेंधमारी करके टंकियों के हाइड्रेंट से निजी पानी के टैंकर भरवा जा रहे हैं।

### सभी ने खोज रखा है आपदा में अवसर

वर्तमान में जल संकट की स्थिति में लोगों की जरूरत को पूरा करने के नाम पर टैंकर चलाए जा रहे हैं लेकिन अंदर से स्थिति विपरीत है। नगर निगम अब तक 625 पानी के टैंकर अटैच कर चुका है जिसमें से 100 पानी के टैंकर नगर निगम के खुद के स्वामित्व वाले हैं इस तरह देखा जाए तो 525 निजी टैंकर शहर में पानी सप्लाई के लिए लगाए गए हैं। प्रत्येक टैंकर को पांच ट्रिप पानी वितरण की जिम्मेदारी दी गई है लेकिन इसमें से तीन ट्रिप ही लगाई जाती है दो ट्रिप का पानी पार्षदों के पसंदीदा या फिर ड्राइवर की सेटिंग के अनुसार भेज दिया जाता है जिसमें हिस्सेदारी भी होती है। इसी तरह ड्राइवर खुद अपनी ट्रिप डालने के बाद हाइड्रेंट से बाजार में बेचने के लिए टैंकर पानी की टंकी पर सेटिंग करके भर लेता है यहां उसको 100 से 200 रुपए देने होते हैं। इसके बाद यही टैंकर लगभग 600 से 8000 लीटर पानी 800 से 1300 के बीच में सौदा करके भेज दिया जाता है। वहीं दूसरी ओर पानी का खेल शहर के शॉपिंग मॉल होटल अस्पताल और अन्य प्रतिष्ठानों के लिए किया जा रहा है। यह आश्चर्य की बात है कि जो पानी शहर की आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है, तो फिर होटल और हॉस्टलों के साथ अन्य प्रतिष्ठानों में कैसे पहुंच रहा है?

इसका उदाहरण अगर आपको देखना है तो आपको मुंबई हॉस्पिटल पानी की टंकी पर आना होगा यहां आपको 40000 लीटर के पानी के बड़े-बड़े टैंकर हाइड्रेंट से पानी भरते हुए देखे जा सकते हैं जिन पर नगर निगम लिखा हुआ है और स्टीकर भी लगाया गया है इतने बड़े-बड़े पानी के ट्रक शहर में कौन सा निशुल्क जल वितरण कर रहे हैं यह बात समझ से परे है। अगर इतने बड़े पानी के टैंकरों से शहर में पानी सप्लाई होता तो फिर लोगों का गुस्सा क्यों होता? सवाल यह है कि यह टैंकर यहां बगैर किसी के रोकटोक के पानी भरकर आसपास की होटल और हॉस्टलों में डाल रहे हैं। यही कारण रहा कि रविवार के दिन नागरिकों का गुस्सा नगर निगम अधिकारियों, एमआईसी सदस्य और पार्षद पर फूटा और हाइड्रेंट में तोड़फोड़ कर दी गई।

# मैंगो की दो शेक दुकानों पर प्रशासन की जांच

## दोनों दुकानों से रंग सहित कई सैम्पल लिए



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शुद्ध खाद्य पदार्थ को लेकर कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। खुले बाजारों में विक्रय किए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर टीम ने गुजरात रस स्नेहलतागंज का निरीक्षण किया, जहां मैंगो शेक का निर्माण कर विक्रय किया जाना पाया गया। यहां से 4 नमूने भी लिए। अनियमितता पाए जाने पर उक्त दुकान को आगामी आदेश के साथ निर्माण कार्य अवरुद्ध कराया गया। वहीं योगी आमरस भंडार, 17 सुभाष मार्ग, चिमन बाग चौराहा का भी अधिकारियों के दल ने निरीक्षण किया। यहां भी मैंगो शेक का विक्रय किया जा रहा था, जबकि खाद्य पंजीयन उपलब्ध नहीं था। मैंगो शेक में उपयोग किए जाने वाले रंग के दो नमूने जांच में लिए गए। पंजीयन नहीं होने के कारण खाद्य कारोबार बंद कराया गया।

# हाट बाजारों में हल्दी जांच अभियान जारी



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रशासन की निगाह शुद्ध खाद्य अभियान के अन्तर्गत खुले बाजार और हाट बाजारों में विक्रय की जा रही हल्दी पर पड़ी। कल रविवार को टीम के अधिकारियों ने सनावदिया हाट बाजार में खाद्य पदार्थ हल्दी की प्रारंभिक जांच की। साथ ही मालवा मिल क्षेत्र एवं आसपास के हाट बाजार क्षेत्रों में भी हल्दी की जांच कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त पूर्व में मांगलिया हाट एवं मूसाखेड़ी क्षेत्र में भी हल्दी की जांच की जा चुकी है। अब तक की गई प्रारंभिक जांच में किसी प्रकार की मिलावट सामने नहीं आई है, किंतु विस्तृत जांच हेतु नमूने लेकर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजे गए हैं। सभी के खाद्य लाइसेंस भी देखें गए। जिनके पास नहीं थे उन्हें भी खाद्य लाइसेंस बनाने की हिदायत दी गई।

# कैंसर रोगियों का नाममात्र की राशि में हो रहा इलाज

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

कैंसर एक ऐसी खतरनाक और जानलेवा बीमारी है जिसका इलाज बड़ा मंहगा व खर्चीला है और इसे वहन करना आम व्यक्ति के बूते की बात नहीं है।आज कैंसरजन्य पीड़ितों के लिए संस्था उम्मीद ईमानदारी और समर्पण भाव से सेवा कार्य कर रही है जो सराहनीय है। इससे दूसरो को भी प्रेरणा लेनी चाहिए। ये विचार पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल के हैं, जो उन्होंने रॉबर्ट नर्सिंग होम में संचालित कीमोथेरपी डे केयर सेंटर के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बतौर व्यक्त किए। यह जानकारी देते हुए परामर्शदाता योगेंद्र सांड ने बताया कि विगत 4 वर्षो से यह



कीमोथेरिपी डे केयर सेंटर समाज के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस सेंटर पर अभी तक प्रदेश व प्रदेश के बाहर से लगभग 10000 हज़ार कैंसर पीड़ित मरीजों को कीमोथेरेपी चिकित्सा दी गई जिसमें 1000 मरीज़ों की कीमोथेरेपी निशुल्क की गई। संस्था 'उम्मीद 'को और अधिक जनसहयोग मिला तो निशुल्क कीमोथेरेपी की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी भी की जा सकती है। अनुरोध ललित जैन, मनीष जैन, मदन परमालिया, डॉ. गौरव खंडेलवाल, पारस कटारिया, अनोखीलाल जैन,कैलाश नाहर,चन्द्रकुमार फतेपुरियाव, उपस्थित थे।



# हनुमानजी की प्रतिमा ने छोड़ा चोला

## श्रद्धालु पहुंच रहे हैं दर्शन करने, तीन दिवसीय उत्सव, शोभायात्रा भी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** सांवेर के समीप चंद्रावती गंज स्थित श्री रणजीत हनुमान सरकार मंदिर में प्रतिमा ने चोला छोड़ा। बताया जा रहा है कि करीब 50 साल के बाद प्रतिमा ने चोला छोड़ा है। मिली जानकारी के मुताबिक जैसे ही जानकारी श्रद्धालुओं को लगी वैसे ही दर्शन के लिए श्रद्धालु चन्द्रावतीगंज स्थित हनुमानजी के मंदिर में पहुंचना शुरू हुए। इधर मंदिर समिति ने बताया कि भगवान के चोला छोड़ने के बाद तीन दिन का उत्सव मनाया जा रहा है और छोड़े हुए चोला का विसर्जन शोभायात्रा के साथ किया जाएगा, जिसमें भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।





## ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा कार्यक्रम और सम्मान

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति भवन में विश्व हाइपर टेंशन डे के अवसर पर 'तनाव मुक्त जीवन, स्वस्थ मन एवं स्वस्थ हृदय' विषय पर विशेष कार्यक्रम एवं नर्सेस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर के अनेक डॉक्टर्स, नर्सेस एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। अनुराधा दीदी, डॉ. सतीश फाटक, बीडी राठी ने उदबोधन दिए। डॉ. नितिन साहू एवं डॉ. प्रियंका, डॉ. विजय सालवी ने स्वास्थ्य विषय पर जानकारी दी।

## भागवत कथा में व्यासपीठ का पूजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खजराना गणेश मंदिर स्थित सत्संग सभागृह में कलश यात्रा के बाद भागवत कथा का रसपान पुष्पानंदन पवन तिवारी के श्रीमुख से किया जा रहा है। एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठोर, पार्षद मनोज मिश्रा, महेंद्र मालवीय, अशोक-आरती खंडेलवाल, रामचंद्र-उषा पितलिया, लक्ष्मण-चंद्रकांता कानूनगो, हितेंद्र-वन्दना ग्रोवर, स्वप्न-स्वाति खंडेलवाल, महेंद्र-दिव्या मानधन्या एवं आशीष-खनक शर्मा ने व्यासपीठ का पूजन किया।



## पंजाब अरोड़वंशीय ट्रस्ट के चुनाव

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पंजाब अरोड़वंशीय ट्रस्ट पदाधिकारियों के चुनाव हुए, जिसमें चौथी बार संजय अरोरा को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। सचिव नवीन जुनेजा एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्र सलूजा चुने गए।

## रामस्नेही संत के आशीर्वचन जारी

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। छत्रीबाग रामद्वारा में अधिकमास में कल रविवार से अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के संत स्वामी रामदयाल महाराज के प्रवचन आशीर्वाद के रूप में शुरू हुए। आज सुबह भी यह प्रवचन करीब एक घंटा तक रामस्नेही भक्तों की मौजूदगी में जारी रहे। यह प्रवचन 16 जून तक चलते रहेंगे। शाम को भी आरती का आयोजन किया जा रहा है।






## पिकल बॉल टूर्नामेंट का आयोजन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पश्चिमी मध्य प्रादेशिक माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा पिकल बॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। पिता-पुत्री की जोड़ी भी छायी रही। सिंगल-डबल के विजेताओं को पुरस्कृत अशोक ईनानी ने किया। संजना राठी, अक्षिता चांडक, नितिन रणधर, कृष्णा चांडक, संजना राठी, गोविंद राठी, कृष्णा चांडक, प्रतीक सोमानी, जय माहेश्वरी, आशुतोष लढ़ा विजेता रहे। कार्यक्रम में अतिथि पुष्प माहेश्वरी, अजय झंवर, राजेश मूंगड़, प्रकाश अजमेरा, पप्पू भूतड़ा, देवेन्द्र ईनानी, अनिल मंत्री, मनोज कुइया, शैलेन्द्र भैया सहित अन्य मौजूद थे। रजत लड्ढा, सपन माहेश्वरी, निखिल मंत्री, विदांत भूतड़ा, तुषार सोनी, शुभम माहेश्वरी जय माहेश्वरी, बादल बांगड़, अंचित बलदवा, गिरीराज नोगजा, अमित मत्री, कैलाश जाजू सहित अन्य मौजूद थे।

## फिट इंदौर फिटनेस चैलेंज शुरू



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। मल्हार आश्रम मैदान, रामबाग में 'फिट इंदौर फिटनेस चैलेंज 2026' का शुभारंभ हुआ। एक माह तक चलने वाला यह निशुल्क फिटनेस चैलेंज बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों सहित हर आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रतिदिन सुबह 6:00 बजे से 7:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। योग, मेडिटेशन, रनिंग, वेट लॉस ट्रेनिंग, स्ट्रेंथ, स्टैमिना, मोबिलिटी, फ्लेक्सिबिलिटी एवं विभिन्न फिटनेस एक्टिविटीज कराई जाएंगी। साथ ही सप्ताह में एक दिन फिटनेस एक्सपर्ट्स द्वारा स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली पर मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। कोच हर्ष जोशी ने उक्त जानकारी दी।



## ब्राह्मण समाजजनों ने किया सकोरों का वितरण

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सरयू पारी ब्राह्मण समाज द्वारा 56 दुकान पर सकोरों का वितरण किया गया। सभी को पक्षियों के लिए पानी और दाना का संकल्प भी दिलाया गया। अनूप शुक्ला, सम्पदा मिश्रा, पूनम शुक्ला, इन्दू पाण्डेय, मनोज मिश्रा, गीता शुक्ला, संतोषी दुबे, मनु तिवारी, सुमन तिवारी, प्रगति तिवारी, पंकज पाण्डेय, निर्मल दुबे, ओपी मिश्रा, गौतम तिवारी, अवधनारायण शुक्ला, रविकांत मिश्रा, धीरेंद्र ओझा, संतोष तिवारी, नितिन मिश्रा, अशोक पांडे, सुरेंद्र मिश्रा, विवेक मिश्रा, अल्केश पांडे, हरिहर त्रिपाठी, शैलेंद्र तिवारी, कपिल शुक्ला, शुभम पांडे, जनकलाल मिश्रा, श्रीकांत मौजूद थे।

## जैन समाजजन कराएंगे 100 फीट लंबे कैनवास पर बनी रामायण के दर्शन

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सकल दिगंबर जैन समाज युवा वेलफ़ेयर सोसायटी इंदौर, दिगंबर जैन सोशल ग्रुप एकता और अनंत सेवा न्यास न्यू दिल्ली संस्था द्वारा जैन समाज का 5 दिवसीय वार्षिकउत्सव 20 से 24 मई तक हंसदास मठ में युवतियों-महिलाओं का निःशुल्क समर कैंप, समर-फूड कॉर्नीवॉल, रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा। राहुल सेठी, पीयूष रावका ने बताया कि 23 मई को 100 फ़ीट लंबे कैनवास पर कलाकार डॉ. सीमा अलावा और उनके सहयोगी हर्ष जाटव-पवन निषाद द्वारा पेंटिंग से बनाई गई रामायण के दर्शन शाम 7 बजे से रात 8.30 बजे तक होंगे। रात्रिकालीन क्रिकेट में 24 टीमें महिलाओं की और 32 टीमें युवकों की भाग लेंगी। दो दिनों तक महिलाओं को प्रशिक्षण 22 और 23 मई को दोपहर 1.30 बजे से दिया जाएगा। अतिथि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय होंगे।

### दिगम्बर जैन समाज का 5 दिवसीय वार्षिक उत्सव मनेगा

## भगवान नरसिंह के जयकारों के साथ सहस्त्र अर्चना



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। प्राचीन नरसिंह मंदिर नरसिंह बाजार में अधिकमास में कल से अनुष्ठान स्वस्ति वाचन व शहनाई की मधुर धुन के साथ प्रारंभ हुआ। मंदिर में सजावट भी की गई। पुजारी छोटेलाल शर्मा के सानिध्य में स्वस्ति वाचन कर प्रधान संकल्प प्रतिज्ञा की गई। वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा भगवान की सहस्त्र अर्चना कर आरती की गई। रोजाना शाम 5.30 बजे से अर्चना होगी। मंदिर में 1 से 7 जून तक शाम 4 से 7 बजे तक भागवत कथा भी होगी।

## ज्योतिष संस्थान ने की बैठक

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। माँ भुवनेश्वरी ज्योतिष वास्तु कर्मकांड शोध संस्थान ने अपने धाम मरीमाता पर बैठक का आयोजन कर 1 एवं 2 जून को आनन्द मोहन माथुर सभागृह में होने वाले ज्योतिष वास्तु महोत्सव एवं देवज्ञ सम्मान समारोह की रूपरेखा पर चर्चा की। जिम्मेदारी भी तय की गई। संतोष भार्गव, रामचन्द्र शर्मा वैदिक, जुगल बाबा, शिव मेहता, डॉ. रामशंकर तिवारी, अशोक चतुर्वेदी, हरिओम जोशी, प्रकाश गौड, गिरीश व्यास, भवानीशंकर शास्त्री, रवि अग्रवाल, राजेश शर्मा, संजय शर्मा, राकेश शर्मा, बलराम, श्याम यादव, रमेश यादव, श्रीराम पांचाल, डॉ. अजय भारतीय, श्रीराम शर्मा, सुनील भार्गव मौजूद थे।





## राजपूताना संघ ने निकाली शौर्य यात्रा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। हातोद नगर में जय राजपूताना संघ द्वारा सम्राट पृथ्वीराज चौहान, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप एवं बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल की जयंती के उपलक्ष्य में शौर्य यात्रा का आयोजन किया गया। केसरिया ध्वज के साथ पारम्परिक राजपूत वेशभूषा में बैंड-बाजों के साथ राजपूत समाजजन शामिल हुए। राजपूत समाजजनों का सम्मान भी किया गया।

# क़लश यात्रा में मौजूद रही मातृशक्तियां



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

कनाडिया रोड पर संस्था धर्मरक्षक द्वारा अधिक मास के अवसर पर भागवत कथा के आयोजन के पूर्व परशुराम मंदिर से निकली कलशयात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्तियों ने जयकारों के साथ कलश उठाए। साधु-संत मौजूद रहे। सूरज जोशी ने बताया कि कलशयात्रा का जगह-जगह स्वागत हुआ। यात्रा कथा स्थल पर पहुंची। महेन्द्र हार्डिया, पुष्यमित्र भार्गव, गोलू शुक्ला, सूरज जोशी, मनोज जांगिड़, सोनू सोनी, भारतसिंह जादौन, गौरव भारद्वाज, राकेश भण्डारी, विजय मिश्रा, भारत पाल, जयराम पटेल, मयूर शर्मा, गणेश, जितेन चौहान, कैलाश, अशोक चौधरी सहित अन्य मौजूद थे। कथा 24 मई तक रोजाना दोपहर 2 से 5 बजे तक कनाडिया रोड शहनाई 2 बिल्डिंग के पीछे बंगाली चौराहे पर आयोजित होगी।



## भागवत के मूल पारायण का शुभारंभ

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर पर क़ल सुबह आश्रम के महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के सानिध्य एवं आचार्य पं. कल्याणदत्त शास्त्री के निर्देशन में 108 भागवत का मूल पारायण अनुष्ठान शुरू हो गया। मंदिर के संचालक स्वामी जयेंद्रानंद गिरि ने बताया कि यहाँ प्रतिदिन सुबह 9 से 12 बजे एवं दोपहर 3 से 6 बजे तक 108 विद्वानों द्वारा श्रीमद भागवत का मूल पारायण 15 जून तक जारी रहेगा।



## कामाख्या देवी और गंगासागर यात्रा के लिए बैठक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** माँ वैष्णोदेवी महिला मंडल द्वारा आज कामाख्या देवी और गंगा सागर यात्रा के अलावा अन्य धार्मिक स्थलों पर यात्रा आज से की जा रही है, इसे लेकर बैठक का आयोजन किया गया। धर्मेन्द्र जोशी, राहुल निहोरे, हेमराज सेन, दशरथ बिजोर, रवि वर्मा, रजत जोशी, चिराग जोशी, गीता जोशी, पूनम वर्मा, कृष्णा जोशी उपस्थित रहे।



## मल्हारी मार्तण्ड मंदिर पर आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** येळकोट येळकोट जय मल्हार ग्रुप द्वारा श्री मल्हारी मार्तंड मंदिर, उषा नगर तळी-भंडार के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सुनील अग्रवाल, विनोद भादेकर, सुबोध तोगे, किरण जोशी, लक्ष्मण दातिर, पंकज दातिर, दीपक भालेराव, रवि बरकडे, अपूर्व भिटे, निलेश केदारे मौजूद थे।

# आनंदम ग्रुप की प्रस्तुति



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** आनंदवन-2 स्थित मल्टीपरपज हॉल में सप्त स्वर आनंदम म्यूजिकल ग्रुप की सदाबहार गीतों से लेकर नए गीतों तक संगीतमय प्रस्तुतियां गायकों ने दी। प्रतिभा यादव, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. आनंद सिंह, ममता खीची, मालती सिंह, बीना सिंह, कपिल खंडेलवाल, विमल झड़वरे, आर.ए. यादव एवं सीमा गुप्ता, डॉ. संजय चौधरी एवं ज्योति चौधरी, लावण्या यादव, विदित खंडेलवाल,शाश्वत गुप्ता, अनुष्का दुबे ने एक के बाद एक गीत प्रस्तुत किए। सहयोग प्रवीण भागवत एवं केके अरोरा का रहा।

## दक्षिण कालीपीठ में भागवत कथा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री दक्षिण कालीपीठ त्रिमहाविद्या आश्रम अंबिकापुरी एक्सटेंशन में अधिकमास अवसर पर कल से भागवत कथा का शुभारम्भ हुआ। कथा 23 मई तक रोजाना शाम 5 बजे तक चलेगी। कल से भागवत कथा शुरू हुई उसके पहले कलश यात्रा सुखदेश्वर महादेव मंदिर परिसर से श्री दक्षिण काली पीठ आश्रम तक निकाली गई। आयोजक महंत अर्जुनदास महाराज है।



## दिव्यांग नवयुगल के विवाह पर नृत्य

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचकुइया स्थित युगपुरुष धाम पर एक दिव्यांग युवा का विवाह समारोह किया गया। युगपुरुष धाम के 28 वर्षीय राजेश सोलंकी का विवाह हरदा की 22 वर्षीय युवती संगीता के साथ बिलकुल घर परिवार के विवाह जैसे जश्न के साथ मनाया गया जिसमें तुलसी शादीजा, जाह्नवी पवन ठाकुर,डॉ. अनिता शर्मा, डॉ. अंकुर अग्रवाल, डॉ. अनुजा त्रिपाठी, धर्मेन्द्र पंड्या, डॉ. रचना गुप्ता, अनिल खतुरिया, श्याम चौहान, राजेश मोडवानी, राजेश गट्टानी, रजनीश सिन्हा, पवन चौहान,अंशु बाला मसीह सहित अन्य मौजूद थे। खुशी में नृत्य भी किया गया।

## एलआईसी एजेंट फेडरेशन का महासम्मेलन होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** लाइफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया का 24 मई रविवार को लियाफी सेंट्रल जोन के नेतृत्व में होटल राधवन इन्दौर में प्रातः 10 बजे से महासम्मेलन आयोजित होगा। इंदौर, सतना, शहडोल, भोपाल एवं ग्वालियर जबलपुर डिवीजन के 30 शाखों के 100 से ज्यादा ब्रांच पदाधिकारी एवं बरिष्ठ अभिकर्ताओं का भोपाल डिवीजन से प्रतिनिधि मंडल शामिल होगा जो उपस्थितजन मानस को संबोधित क्ररेंगे। लाईफ इंश्योरेंस एजेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डी. एस. शुक्ला एवं राष्ट्रीय महासचिव श्याम सैनी के भी आगमन की संभावित सूचना है। 23 मई को डिवीजन पदाधिकारियों की बैठक और 24 मई को ब्रांच पदाधिकारियों का सम्मान का किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि पवन कुमार जैन, सत्यभान तिवारी एवं बटेश्वरनाथ सिंह होंगे।



# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में आहुतियां

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री श्रीविद्याधाम मंदिर पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में पुरुषोत्तम मास में कल से लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ भगवान के जयकारों के साथ किया गया। यज्ञ का आयोजन 15 जून तक चलेगा। यज्ञ में रोजाना 1100 आहुतियाँ समर्पित की जा रही है। 26 मई से भागवत का मूल पारायण भी होगा। 25 मई तक प्रतिदिन सुबह 9.30 से 12 बजे तक और दोपहर में 3 से 5.30 बजे तक गंगाजी के दिव्य मंत्र से संपुटित श्री दुर्गा सप्तशती पाठ किया जा रहा है। आज से 24 मई तक पं. कमलेश दीक्षित के श्रीमुख से गोवर्धन भक्त महिला मंडल के तत्वावधान में भागवत कथा एवं 25 से 31 मई तक आचार्य राहुल कृष्ण शास्त्री के मुखारविंद से श्रीराम कथा का आयोजन होगा। वहीं 1 से 7 जून तक श्रीराम कथा का आयोजन आद्य गौड़ ब्राह्मण ट्रस्ट कराएगा। 8 से 14 जून तक भागवत कथा होगी।

## पाटनवाला का हज जाने पर इस्तकबाल

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हज पर जाने वाले मुनव्वर हुसैन पाटनवाला का भाजपा नेता रेहान अंसारी व सादिक ने इस्तकबाल किया। दुआएं भी की गई। बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।





# भागवत धारण कर की परिक्रमा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हंसदास मठ बिजासन रोड पर स्वामी रामचरण दास महाराज महामंडलेश्वर महंत पवनदास के सान्निध्य में 108 विद्वानों ने भगवान रणछोड़जी एवं टीकमजी सहित सभी देवी-देवताओं की साक्षी में भागवत के मूल पारायण का शुभारंभ किया। सुबह और शाम को होने वाले इस धार्मिक आयोजन की शुरूआत में भागवतजी को मस्तक पर धारण कर 108 विद्वान-श्रद्धालुओं ने मठ की परिक्रमा की। भागवत एवं रामायण के पारायण और जाप का आयोजन किया जा रहा है जो 15 जून तक चलेगा। शोभायात्रा में हरि अग्रवाल, अशोक गोयल, राजेंद्र सोनी, राजेंद्र गर्ग, अमितदास महाराज सहित अन्य मौजूद थे।

# शिवकांत नगर से भारत तौल कांटे के सामने तक मिलेगी नई सड़क की सौगात

## 62 लाख खर्चकर क्रॉस लेन में आसपास की गलियों में भी होगा सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण



**इंदौर।** विधानसभा 2 के अंतर्गत जोन क्रमांक 17 से जुड़े वार्ड के शिवकांत नगर से भारत तौल कांटा के सामने तक के बड़े हिस्से में सालों बाद नई सीमेंटेड सड़क का नवनिर्माण किया जाना है। इसके आलावा राजेश इटोलिया हाउस तक जाने वाले रास्ते में क्रॉसलेन में और आसपास की गालियों में भी नई सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर निविदा प्रक्रिया के साथ जल्द निर्माण कार्य शुरू करने को लेकर भी तमाम तैयारी शुरू हो गई है।

बताया जा रहा है कि आने वाले दिनों में अगले माह में मानसून सीजन शुरू होने से पहले निगम द्वारा नई सड़क निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा ताकि क्षेत्र के सैकड़ो रहवासी परिवारों को लंबे समय के बाद नई सीमेंट सड़क बनने से बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही आने-जाने में भी सोहलियत होगी।

### बारिश में कीचड़ से भी मिलेगी मुक्ति

यही नहीं जोन 17 के वार्ड क्रमांक 18 के अंतर्गत आने वाले शिवकांत नगर से लेकर भारत तौल कांटा के बड़े हिस्से के साथ भीतर राजेश इटोलिया हाउस के सामने की ओर जाने वाले रास्ते और क्रास लेन में आसपास की सभी गलियों में भी नई सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर निगम की ओर से तैयारियां भी शुरू हो गई है। इस काम पर निगम द्वारा 61लाख 79 हजार रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। साथ ही आने वाले दिनों में बारिश का मौसम शुरू होने से पहले निगम द्वारा यहां सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिससे भविष्य में लोगों को यहां से आने - जाने में बेहतर सुविधा होगी।

# भाजपा कार्यालय के सामने से गर्ल्स हॉस्टल तक होगी एक और सड़क तैयार

## पॉश कॉलोनी के रहवासी लंबे समय से कर रहे थे सड़क बनने का इंतजार




**इंदौर।** निगम जोन 11 के वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत नगर भाजपा कार्यालय के सामने से लेकर रूबल गर्ल्स हॉस्टल तक अब बेहद जल्द एक और नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर निगम ने हाल ही में निविदा भी जारी कर दी है। जिसके अंतर्गत अगले माह से पहले इसी माह के अंत में निगम निविदा संबधित पक्रिया के बाद लगभग 20 लाख रुपए से ज्यादा खर्च कर यहां बड़े हिस्से में निगम द्वारा नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में मानसून सीजन शुरू होने से पहले पॉश कालोनी जावरा कंपाउंड क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवारों को बारिश से पहले नई सड़क निर्माण से बड़ी राहत मिलेगी। इसको लेकर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई।

### छावनी और जावरा कंपाउंड क्षेत्र में लगातार बिछ रहा सड़कों का जाल

गौरतलब है कि निगम द्वारा वर्तमान में विधानसभा तीन के अंतर्गत जावरा कंपाउंड और छावनी क्षेत्र की विभिन्न गलियों और करीब आधा दर्जन से ज्यादा कालोनी और गलियों में नई सीमेंट सड़कों का निर्माण लगातार किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत अब करनावत पान सदन से रूबल गर्ल्स होस्टल की ओर भीतर तक नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसका क्षेत्र के रहवासियों को लंबे समय से इंतजार था। वहीं अब क्षेत्रीय विधायक गोलू शुक्ला के प्रयासों से निगम द्वारा वार्ड 55 के अंतर्गत जावरा कंपाउंड क्षेत्र की एक और गली में सीमेंटेड सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिससे भविष्य में छावनी क्षेत्र के साथ श्रद्धानंद मार्ग और आरएनटी मार्ग, एमवाय के आसपास की सभी सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा।

# खजराना मंदिर के विकास कार्यों का मास्टर प्लान लंबे समय से तैयार

## प्रशासनिक अधिकारियों और मंदिर प्रबंधन की रुचि नहीं होने से अटक रहें मंजूर कार्य



**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर में विकास कार्यों और लंबे समय से मंजूर कई नवीन कार्यों के शुभारंभ के लिए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन द्वारा मंदिर में विकास कार्यों के लिए तैयार मास्टर प्लान के हिसाब से जो भी लंबे समय से मंजूर नवीन विकास कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पा रहे हैं। जबकि पिछले दिनों तिल चतुर्थी मेले से पहले जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में मंदिर के विकास कार्यों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए थे।

यही नहीं मंदिर के तैयार मास्टर प्लान के हिसाब से मंदिर में कई नए विकास कार्य शुरू करना थे। इनमें से अभी तक एक भी काम शुरू नहीं हो पाए। गौरतलब है कि मंदिर में हर तीन माह में खुलने वाली दान पेटियों से आने वाली राशि से खजराना गणेश मंदिर में विकास कार्य किए जाते है। वहीं प्रशासन ने भी मंदिर प्रबंध समिति के साथ बैठक में मंदिर में कई विकास कार्य शुरू करने को लेकर योजना बनाई थी लेकिन अब हालत यह है कि चार माह बाद भी अभी तक कोई भी काम शुरू नहीं हो रहें है। राऊ स्थित ग्राम केलोद करताल में श्री गणपति मंदिर प्रबंध समिति के स्वामित्व वाली जमीन आमजन की सुविधा के लिए भव्य अस्पताल बनाने की योजना थी। इसके अलावा मुख्य मंदिर के साथ शिव और दुर्गा मंदिर की बाहरी दीवारों पर नई चांदी लगाने की भी योजना थी। जिसके लिए मंदिर प्रबंध समिति और दानदाताओं और अन्य समितियों के सहयोग से यह कार्य होने थे। इसके अलावा भक्तों के लिए हेल्पलाइन का एक नया सेंटर भी शुरू किया जाना था। जिस पर भी अब तक कोई काम शुरू नहीं हुआ। इसके अलावा एक और भव्य प्रवेश द्वार का भी निर्माण किया जाना था, लेकिन अभी तक मास्टर प्लान के मंजूर होने पर कोई भी काम शुरू नहीं हुए।

# रविंद्र नाट्य गृह में 40 लाख के आसपास खर्चकर निगम शुरू करेगा बाहरी और भीतरी सौंदर्यकरण के कार्य



**इंदौर।** वार्ड क्रमांक 55 के अंतर्गत आरएनटी मार्ग पर स्थित रविंद्र नाट्य गृह पर आने वाले दिनों में निगम बेहद जल्द यहां भीतरी और बाहरी साज-सजावट को लेकर लगभग 40 लाख रुपए के आसपास खर्चकर एक साथ कई विकास कार्य शुरू करेगा। जिसके अंतर्गत निगम द्वारा यहां बाहरी और भीतरी दोनों तरफ लंबे समय बाद सौंदर्यकरण के साथ सजाने संवारने को लेकर आवश्यक कार्य किए जाएंगे। जिसके तहत पार्किंग एरिया में आकर्षक रंगीन पेवर ब्लॉक लगाकर संपूर्ण बाहरी क्षेत्र को संवारने के एक साथ काम किए जाएंगे। इसके साथ ही पार्किंग एरिया में सुधार के साथ लंबे समय से खराब और बंद लाइटिंग के बजाय परिसर में पर्याप्त रोशनी के लिए नई लाइटिंग लगाई जाएगी। साथ ही इन सबके अलावा सजाने-संवारने को लेकर विभिन्न कार्य किए जाएंगे। जिसको लेकर निगम ने निविदा संबंधित पक्रिया शुरू कर अपनी और से यहां काम शुरू करने की तैयारी कर ली है।

### सालों बाद होंगे भीतर से लेकर बाहर तक अधूरे काम

खास बात यह है कि लंबे समय से निगम द्वारा रविन्द्र नाट्य गृह में सुधार कार्य को लेकर जरूरत महसूस की जा रही थी। यही नहीं काम शुरू करने को लेकर कार्यों की योजना बनने के बावजूद काम शुरू नहीं हो पाए थे। हालंकि अब एक बार फिर निगम द्वारा संचालक मंडल और प्रबंधन द्वारा की जा रही मांग के अनुसार सुधार और सौंदर्य करण के तहत मंजूर कार्यों को अगले माह जल्द शुरू करने को लेकर योजना बनाई गई है। जिस पर आने वाले दिनों में काम शुरू होने की उम्मीद है। जबकि बड़ी बात यह है कि निगम ने रीगल स्केवेयर से आरएनटी मार्ग तक मधु मिलन चौराहे तक पिछले दिनों करोड़ों रुपए की लागत से सजाने संवारने के कार्य किए थे। लेकिन अब जाकर भीतर पार्किंग एरिया के साथ अंदर भी कई कार्य किए जाने है।

# पुरुषोत्तम मास में होंगे धार्मिक आयोजन

## 24 मई को रक्तदान शिविर

**खरगोन ( सिटी ब्लास्ट ललित खेडे )।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर ब्रजधाम हवेली समिति के आह्वान पर 22 से 25 मई तक विभिन्न धार्मिक आयोजनों में गोस्वामी 108 श्री प्रथमेश कुमार महोदय अहमदाबाद की विशेष उपस्थिति रहेगी। 24 मई को रक्तदान शिविर आयोजित होगा, जिसमें सैकड़ों लोग रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश देंगे। ब्रजधाम हवेली के व्यवस्थापक नवनीत महाजन एवं ट्रस्टी नरेन्द्र गांधी ने बताया कि 22 एवं 23 मई को राधाकुंज मांगलिक परिसर में प्रथमेश कुमार द्वारा श्री वल्लभ साखी रसपान कथा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 मई को ब्रजधाम हवेली में शाम साढ़े 6 बजे बगीचा फूलबाग का मनोरथ शयन दर्शन होगा। 23 मई को सुबह 10 बजे श्रृंगार दर्शन, नंद महोत्सव एवं ब्रह्म संबंध कार्यक्रम आयोजित होंगे, वहीं शाम साढ़े 6 बजे 84 बैठकजी के अलौकिक दर्शन कराए जाएंगे। 24 मई को राधाकुंज मांगलिक परिसर में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी दिन शाम साढ़े 6 बजे छप्पन भोग (बड़ा मनोरथ) का आयोजन भी होगा। धार्मिक आयोजनों का समापन 25 मई को गिरिराज धाम राजवाड़ा में सुबह 9 बजे गिरिराज के दुग्धाभिषेक एवं कुनवाड़ा मनोरथ के साथ किया जाएगा।

### भाजपा किसान मोर्चा में पाटीदार जिलाध्यक्ष

**धार ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ज़यपालसिंह चावडा ने अपनी इकाई के जिला अध्यक्ष पदाधिकारियों की घोषणा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से की। धार जिला में भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष पद पर रवीन्द्र पाटीदार की नियुक्ति की गई। धार भाजपा से जुडे भाजपा नेताओं ने बधाई दी है।

### संपादकीय

# तकनीक की तरक्की और ठगी का जाल

है रानी की बात यह है कि डिजिटल संसार की अवांछित गतिविधियों पर बारीक निगरानी रखने का दावा करने वाली पुलिस कई बार समय पर अपराधियों को नहीं पकड़ पाती। इसमें कोई दोराय नहीं कि आधुनिक तकनीक की दुनिया में डिजिटल सेवाओं ने मनुष्य के जीवन को आसान बनाया है और आज कई तरह की सुविधाएं आम लोगों की पहुंच में हैं। उम्मीद यह भी की गई थी कि जैसे-जैसे सामान्य कामकाज में डिजिटल संसार का दखल बढ़ेगा, वैसे-वैसे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और भ्रष्टाचार पर काबू पाना आसान होगा। काफी हद तक ऐसा हुआ भी है। मगर इसके समांतर इसी डिजिटल तंत्र के दायरे में अपराध के नए स्वरूप विकसित हुए और आज यह भारत सहित दुनिया भर में एक नई चुनौती बनते जा रहे हैं। पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश करने का दावा किया, जिसमें काल सेंटर के नाम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पैमाने पर फर्जीवाड़ा किया जा रहा था। फर्जी कंपनी चलाने वाले और ठगी में शामिल एक सौ बत्तीस लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। खबरों के मुताबिक, इस गिरोह में शामिल लोग दूर बैठे कंप्यूटर तक पहुंच हासिल करते थे या फर्जी वायरस और सुरक्षा चेतावनी के जरिए विदेशी नागरिकों को निशाना बनाते थे। लोगों को ई-मेल और बैंक खाते में सेंध लगने का डर दिखा कर उनसे भारी राशि की ठगी की जाती थी। जाहिर है, डिजिटल दुनिया में जिन आधुनिक तकनीकों को लोगों के जीवन को आसान बनाने और उनकी आर्थिक गतिविधियों को सुरक्षित बनाने के लिए ज्यादा बेहतर बताया जाता है, उसी में अब अपराध का ऐसा संजाल खड़ा हो चुका है, जिसमें हर रोज बड़ी संख्या में लोग ठगी के शिकार हो रहे हैं और अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। पिछले कुछ समय से खासतौर पर 'डिजिटल अरेस्ट' के मामलों में खासी बढ़ोतरी हुई है, जिसमें दूर बैठे अपराधी सिर्फ स्मार्टफोन पर वीडियो काल के जरिए किसी व्यक्ति को एक तरह से बंधक बना लेते हैं और डरा-धमका कर भारी रकम वसूल लेते हैं। हैरानी की बात यह है कि डिजिटल संसार की अवांछित गतिविधियों पर बारीक निगरानी रखने का दावा करने वाली पुलिस कई बार समय पर अपराधियों को नहीं पकड़ पाती। सच यह है कि इस क्षेत्र में अपराध का दायरा जितना विस्तृत और जटिल होता जा रहा है, उसके मुकाबले सुरक्षा या बचाव के साथ-साथ अपराध पर काबू पाने के इंतजाम नाकाफी हैं।

# दूध लेने जा रहे व्यवसायी को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा, मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

खुड़ैल इलाके में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से स्थानीय दूध व्यवसायी की अकाल मौत हो गई।

मृतक की पहचान ईश्वर चौधरी निवासी ग्राम दूधिया के रूप में हुई है। ईश्वर क्षेत्र में ही दूध का व्यवसाय करते थे। बीती शाम वे हमेशा की तरह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर दूध कलेक्शन के लिए घर से निकले थे।जैसे ही ईश्वर चौधरी खुड़ैल थाना इलाके के मुख्य मार्ग से गुजर रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक बेहद तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहन के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईश्वर बाइक समेत कई फीट दूर जाकर सड़क पर गिरे। उनके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर और जानलेवा चोटें आईं, जिसके कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# जहर खाकर दी जान

**इन्दौर।** बेटमा इलाके में एक महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका का नाम कंचन बाई पति बंशीलाल (45) निवासी ग्राम धन्नड है।बताया जा रहा है कि महिला की मानसिक।स्थिति ठीक नही थी।फिलहाल आत्महत्या के कारण पता नही चल सके है।पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

# ऑफिस के बाहर बैठकर इंतजार करता था मजनू

## सरेराह स्कूटी रोककर बोला- तेरा नंबर दे, मैं तुझे पसंद करता हूँ

**इन्दौर।** विजय नगर इलाके में एक सिरफिरा युवक पिछले कई दिनों से एक युवती को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। अंततः पीड़िता की हिम्मत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी शिकंजा कसा है।

पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली एक 26 वर्षीय पीड़िता ने विजय नगर थाने पहुँचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी राजेंद्र सिंह तोमर पिता लक्ष्मण सिंह तोमर निवासी राजगढ़।पिछले कुछ समय से उसे लगातार परेशान कर रहा था। आरोपी रोजाना पीड़िता के ऑफिस के बाहर आकर बैठ जाता था और वहां उसका इंतजार करता था। जैसे ही पीड़िता काम खत्म कर अपने घर के लिए निकलती, आरोपी अपनी गाड़ी से उसका लगातार पीछा करने लगता था। इस दौरान वह पीड़िता के साथ गाली-गलौच कर जबरन उसका मोबाइल नंबर मांगता था।पीड़िता ने अपनी रिपोर्ट में 15 मई को हुई गंभीर घटना का जिक्र करते हुए बताया कि सुबह करीब 9:00 बजे वह अपनी स्कूटी से सत्यसाईं चौराहे से गुजर रही थी। तभी अचानक आरोपी राजेंद्र सिंह तोमर वहां आया और उसने पीड़िता की स्कूटी के आगे अपनी गाड़ी अड़ा दी। आरोपी ने जबरदस्ती पीड़िता की स्कूटी को पकड़ लिया और उसका रास्ता रोककर सरेराह तमाशा खड़ा कर दिया।रास्ता रोकने के बाद आरोपी ने पीड़िता से सरेआम कहा, तेरा मोबाइल नंबर दे, मैं तुझे पसंद करता हूँ और मुझे तुझसे बात करना है।सरेराह बीच चौराहे पर हुई इस गुंडागर्दी और छेड़खानी से पीड़िता बेहद डर गई और उसने शोर मचाया, जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। घर पहुँचकर पीड़िता ने परिजनों को आपबीती बताई और थाने जाकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

# शादी का झांसा देकर महिला से ज्यादती

**इन्दौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र में एक 38 वर्षीय महिला के साथ झूठे वादे के जरिए शारीरिक शोषण की गंभीर वारदात उजागर हुई है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में रहने वाली 38 वर्षीय पीड़िता ने थाने पहुँचकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पीयूष राठौर निवासी चंद्रशेखर आजाद मार्ग, अलिराजपुर ने उससे मुलाकात के बाद नजदीकियां बढ़ाई थीं। आरोपी ने पीड़िता को विश्वास में लिया और उससे जल्द ही शादी करने का झांसा दिया। शादी के इसी झूठे वादे के जाल में फंसाकर आरोपी पिछले काफी समय से पीड़िता की मर्जी के खिलाफ उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाता रहा।पीड़िता ने जब भी आरोपी पीयूष पर शादी करने का दबाव बनाया, वह हर बार किसी न किसी बहाने से बात को टालता रहा। अंततः जब पीड़िता ने उससे अंतिम फैसला लेने को कहा, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इंकार कर दिया और उसे धोखा देकर अपनी राह अलग कर ली। खुद को ठगा सा महसूस करने और मानसिक प्रताड़ना झेलने के बाद पीड़िता ने संयोगितागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## घूरने के विवाद में भिड़े दो पक्ष

# एक ने सिर पर मारा डंडा दूसरे ने जांघों में घोंपा चाकू

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।

जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में रात के समय केवल 'घूरने' को लेकर शुरू हुआ विवाद कुछ ही पलों में डंडे और चाकूबाजी के खूनी खेल में बदल गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, विवाद कल रात करीब 10 बजे लालबाग लाइन इलाके में हुआ। पहले पक्ष से फरियादी जुबेर पिता अब्दुल रज्जाक निवासी रेलवे पटरी के समीप, (लालबाग लाइन) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। जुबेर ने पुलिस को बताया कि वह रात में अपने घर के बाहर बैठा हुआ था, तभी क्षेत्र के ही आरोपी सचिन पिता भोला और रोशन वहां आए और विवाद करते हुए बोले, तू हमें घूर कर क्यों देख रहा है इस पर जुबेर ने जवाब दिया, भाई, मेरी निगाहें तो ऐसी ही हैं। जुबेर की इस बात से दोनों आरोपी नाराज हो गए और गालियां देने लगे। जब जुबेर ने विरोध किया, तो आरोपियों ने डंडे से उस पर हमला कर दिया। डंडे का वार सीधे जुबेर के सिर पर लगा, जिससे खून बहने लगा। इस दौरान आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से भी बुरी तरह पीटा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। जाते-जाते आरोपी धमकी दे गए कि आज तो तू बच गया, आइंदा घूर कर देखा तो तुझे जान से खत्म कर देंगे। वहीं, इसी मामले में दूसरे पक्ष से फरियादी सचिन पिता बालाजी निवासी लालबाग लाइन की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी जुबेर शेख के खिलाफ काउंटर केस दर्ज किया है। सचिन ने पुलिस को अपनी आपबीती बताते हुए कहा कि वह अपने दोस्त रोशन के साथ लालबाग के पीछे वाली गली से पैदल गुजर रहा था। उसी दौरान रास्ते में उन्हें आरोपी जुबेर शेख मिला और उन्हें दुर्भावनापूर्वक घूर-घूर कर देखने लगा। जब सचिन और रोशन ने उससे पूछा कि 'इस तरह क्यों देख रहा है, तो जुबेर शेख गाली-गलौज करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी जुबेर ने अपने पास रखा धारदार चाकू निकाला और सचिन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। चाकू सचिन की दोनों जांघों पर जा लगा, जिससे वह लहूलुहान हो गया। हमला करने के बाद आरोपी जुबेर ने भी धमकी दी कि आज तो जिंदा बच गया है, आइंदा इस गली से निकला तो जान से खत्म कर दूंगा।

# तू पुलिस की मुखबिरी करता है.. कहकर युवक पर हमला

इन्दौर। बाणगंगा इलाके में आरोपी ने पुलिस का मुखबिर होने के शक में एक युवक को अपना निशाना बनाया। सरेराह हुए इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस के अनुसार, घटना बाणगंगा क्षेत्र की है। फरियादी आर्यन पिता राजू सूर्यवंशी निवासी साईं सुमन नगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आर्यन ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपने दोस्त मनीष गिरी के साथ क्षेत्र के नाके पर चाय पीने के लिए जा रहा था।

दोनों दोस्त पैदल-पैदल नाके की तरफ बढ़ रहे थे।जैसे ही आर्यन और उसका दोस्त मनीष बाणेश्वरी कुंड के पीछे पहुँचे, वहाँ पहले से मौजूद आरोपी शैलेंद्र चौधरी निवासी साईं सुमन नगर ने उनका रास्ता रोक लिया। शैलेंद्र पुरानी रंजिश और शक के चलते आर्यन पर भड़क गया। उसने आर्यन पर पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया और बीच सड़क पर गालियां देना शुरू कर दिया।जब आर्यन ने सरेराह गाली-गलौज करने से मना किया और विरोध जताया, तो आरोपी शैलेंद्र चौधरी आपा खो बैठा। उसने आव देखा न ताव, वहीं जमीन पर पड़ी एक भारी ईंट उठाई और पूरी ताकत से आर्यन के सिर पर दे मारी। ईंट का वार लगते ही आर्यन का सिर फट गया और वहां से तेजी से खून बहने लगा। विवाद बढ़ता देख आर्यन के दोस्त मनीष गिरी ने तुरंत बीच-बचाव किया और बीच में आकर आर्यन को बचाया। इसके बाद आरोपी शैलेंद्र जाते-जाते धमकी दे गया कि 'आज के बाद अगर तूने पुलिस की मुखबिरी की, तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा।

## सोना-चांदी के आज के भाव



| गोल्ड कैश | एमसीएक्स |
|---|---|
| 154000 | 158451 |
| **सिल्वर कैश** | **एमसीएक्स** |
| 257000 | 270525 |

फिजिकल भाव 1 बजे ओपन होता है ▪ निर्मल वर्मा घुंघरू





# पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों की जांच लगातार जारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

देवास जिले की फटाका फैक्ट्री में हुई दुर्घटना के बाद कलेक्टर शिवम वर्मा ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में संचालित पटाखा गोदामों एवं फैक्ट्रियों की जांच के आदेश दिए थे। लगातार फैक्ट्री और गोदाम की जांच की जा रही है और कमियों पर सील भी किया जा रहा है, इनमें लक्ष्मी फायर वर्क एंड इंडस्ट्री दातोदा, सतनाम फायर वर्क सिमरोल तथा फटका मैन्युफैक्चरिंग घोसीखेड़ा शामिल हैं। एसडीएम एवं एसडीओपी महू द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त फैक्ट्रियों में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप निर्माण एवं सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी तथा मजदूरों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं किए गए थे। इसके चलते संबंधित इकाइयों को तत्काल प्रभाव से सील करने की कार्रवाई की गई।

# शासकीय योजनाओं के लिए लाभार्थी संतृप्ति शिविर लगेंगे

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय दिल्ली द्वारा पीएम DA - JGUA अंतर्गत सम्मिलित ग्रामों में पीव्हीटीजी जनजातीय समुदायों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढाने हेतु 18 से 25 मई तक राष्ट्रव्यापी सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान जन भागीदारी सबसे दूर, सबसे पहले अभियान संचालित करने एवं PVTG जनजातीय समुदायों हेतु लाभार्थी संतृप्ति शिविर आयोजित किये जायेंगे। उक्त अभियान में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन हेतु ब्लॉक स्तर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नोडल अधिकारी तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहायक नोडल अधिकारी रहेंगे। इस अभियान में जमीनी स्तर पर जन भागीदारी गतिविधियां, आदि सेवा केन्द्रों में जनसुनवाई, स्वास्थ्य शिविर और जनजातीय वर्ग के युवाओं एवं महिला उद्यमियो की कहानिया शामिल होगी। इस कार्यक्रम के परिणाम स्वरूप जिले के चयनित 529 जनजातीय ग्रामों में विशेष रूप से आदिवासी आबादी तक, ग्राम पंचायतों और अन्य ग्राम स्तरीय हितधारकों जैसे गैर सरकारी संगठनों, स्व सहायता समूहों के माध्यम सूचना का प्रसार किया जाना है, इसका उददेश्य सामुदायिक जागरूकता पैदा करना, योजनाओं और अधिकारों के बारे में जानकारी देना और उनकी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। अभियान अन्तर्गत नियुक्त नोडल अधिकारी समस्त विभाग प्रमुखों से आपसे समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराये जायेंगे।

# 200 सीटों पर होगा टेलेन्ट सर्च

## क्रीडा परिसर में होगा शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** शासकीय राजा शंकरशाह रघुनाथशाह विशिष्ट बालक क्रीडा परिसर छोटी बेटमा इन्दौर में खेल विधाओं में जिलांतर्गत बालक क्रीडा परिसर इंदौर मुख्यालय में 200 सीट स्वीकृत की गई है। इसमें एथेलेटिक्स, हैण्डबाल, कुश्ती विधाओं का संचालन किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों के आवेदन एवं चयन प्रक्रिया शारीरिक परीक्षण एवं बैटरी टेस्ट 1 से 15 जून तक क्रीडा परिसर में होगी। मिनी समूह में 11 वर्ष से 14 वर्ष (कक्षा 6 से 8वीं एवं जूनियर वर्ग के लिये कक्षा 9वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों का टेलेन्ट सर्च के माध्यम से चयन किया जायेगा। जनजातीय कार्य विभाग इन्दौर सहायक आयुक्त ने बताया कि टैलेन्ट सर्च हेतु शास. राजा शंकरशाह रघुनाथशाह विशिष्ट बालक कीडा परिसर छोटी बेटमा इन्दौर के अधीक्षक प्रतापसिंह बर्डे (मोबाईल नंबर-99938-33514) से संपर्क किया जा सकता है।

# स्वरोजगार एवं आर्थिक कल्याण योजनाओं के लिए आवेदन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** प्रबंध संचालक, म.प्र. अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, भोपाल द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों के लिए इस वित्तीय वर्ष अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, झाबुआ को प्राप्त हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष के अंतर्गत संत रविदास स्वरोजगार योजना के तहत एक लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत 10 हजार रुपये से एक लाख रुपये तक की सहायता राशि हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन योजनाओं का लाभ केवल नवीन उद्योग, सेवा क्षेत्र एवं व्यवसाय स्थापित करने हेतु प्रदान किया जाएगा।

# उत्कृष्ट कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**इंदौर, सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग अंतर्गत संचालित सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन योजना के तहत मूल्यांकन वर्ष 2025-26 के लिए जिले के उत्कृष्ट एवं नवाचारी कृषकों से पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषिगत क्षेत्रों में उन्नत तकनीक अपनाकर बेहतर उत्पादन एवं उत्पादकता प्राप्त करने वाले कृषकों को प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष के लिए चयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल (https://awards.gov.in) पर आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन भारतीय बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। पुरस्कार के लिए निर्धारित पात्रता के अनुसार, 18 वर्ष से कम आयु के प्रतिभाशाली बच्चे अपना नामांकन या आवेदन सीधे पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है।

# ड्रग्स नेटवर्क से जुड़ी महिला माफिया और इंटेलिजेंस के प्रधान आरक्षक को पकड़ा

## क्राइम ब्रांच और 6 थानों की पुलिस ने रातभर दी दबिश

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पुलिस ने सोमवार तड़के एक बेहद गोपनीय और बड़े ऑपरेशन को अंजाम देते हुए शहर के एक बड़े आपराधिक और ड्रग्स नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया। इस हाई-प्रोफाइल कार्रवाई की सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि अवैध धंधों में लिप्त महिला माफिया के साथ-साथ पुलिस विभाग का ही एक प्रधान आरक्षक भी शिकंजे में आया है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह और एडिशनल पुलिस कमिश्नर राजेश कुमार सिंह खुद रातभर जागकर इस पूरे ऑपरेशन की लाइव मॉनिटरिंग कर रहे थे। ऑपरेशन की कमान संभाल रहे डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी के निर्देशन में क्राइम ब्रांच और छह थानों की संयुक्त टीमों ने एक साथ दबिश दी। सूत्रों के अनुसार, सबसे पहले पुलिस ने द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में सक्रिय महिला माफिया अलका दीक्षित को हिरासत में लिया। अलका से मिली खुफिया जानकारी के बाद दूसरी टीम ने तुरंत हरकत में आते हुए अहिरखेड़ी इलाके से उसके बेटे जयदीप दीक्षित को दबोच लिया। कार्रवाई यहीं नहीं रुकी; देर रात एक विशेष टीम को औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर भी रवाना किया गया, जहाँ से ड्रग्स कारोबार से जुड़े कुछ और संदिग्धों को उठाया गया है। इन सभी को खजराना थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। महिला माफिया और उसके बेटे से मिली लीड के आधार पर एमजी रोड थाना प्रभारी विजय सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में एक टीम ने सीधे पुलिस विभाग के प्रधान आरक्षक विनोद के घर पर छापा मारा। विनोद लंबे समय तक क्राइम ब्रांच में तैनात रह चुका है और वर्तमान में इंटेलिजेंस शाखा में पदस्थ है। छापेमारी के दौरान विनोद के परिजनों ने पुलिस टीम का तीखा विरोध भी किया, लेकिन सख्ती बरतते हुए पुलिस ने विनोद को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मौके से विनोद के बेटे का लेपटॉप और मोबाइल फोन भी जब्त किया है, जिसमें कई महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य मिलने की उम्मीद है। मुख्य आरोपी अलका दीक्षित लंबे समय से अहिरखेड़ी और द्वारकापुरी क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार से जुड़ी रही है। इलाके में उसका रसूख इतना था कि कई थाना प्रभारियों के बदलने के बाद भी उसका नेटवर्क कभी प्रभावित नहीं हुआ। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शराब की तस्करी करते-करते अलका ने अनैतिक गतिविधियों और शहर में ड्रग्स सप्लाई के धंधे में भी पैर पसार लिए थे। इस काले कारोबार में उसका बेटा जयदीप उसका मुख्य मददगार था। गौरतलब है कि जयदीप को कुछ समय पहले ही द्वारकापुरी पुलिस ने एक जानलेवा हमले के मामले में भी गिरफ्तार किया था। कमिश्नरेट पुलिस ने इस पूरे ऑपरेशन को इतना गोपनीय रखा था कि कार्रवाई में शामिल चुनिंदा कप्तानों के अलावा किसी भी अन्य अधिकारी या कर्मचारी को इसकी भनक तक नहीं थी। आरोपियों के आपस में बयान मैच न हो सकें, इसके लिए अलका, जयदीप, प्रधान आरक्षक विनोद और पीथमपुर से लाए गए संदिग्धों को अलग-अलग थानों और गुप्त स्थानों पर रखकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस का दावा है कि इस नेटवर्क की कड़ियां आपस में जोड़ी जा रही हैं और आने वाले दिनों में शहर के कई बड़े सफेदपोशों और तस्करों के नामों का खुलासा हो सकता है।

# दुकान बेचने के नाम पर मां-बेटे ने की 19.80 लाख की धोखाधड़ी

## हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट से खुला जालसाजी का राज

**इन्दौर।** भंवरकुआं क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में एक कीमती दुकान को बेचने के नाम पर एक व्यक्ति को आरोपी मां बेटे ने साढ़े उन्नीस लाख रुपये से अधिक की चपत लगा दी। पुलिस की लंबी जांच और तकनीकी साक्ष्यों के बाद आखिरकार आरोपियों पर कानूनी शिकंजा कस गया है।

पुलिस के अनुसार, घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर की है। फरियादी मोहम्मद हुसैन पिता नूर मोहम्मद निवासी ट्रांसपोर्ट नगर मेनरोड ने थाने में शिकायती आवेदन दिया था। मोहम्मद हुसैन ने पुलिस को बताया कि आरोपी यास्मीन बी पति आरिफ बेग और उसके बेटे सुल्तान पिता आरिफ बेग दोनों निवासी मैकेनिक नगर ने मिलकर उनके साथ एक सोची-समझी साजिश रची। मां-बेटे ने फरियादी को जाल में फंसाकर ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दुकान नंबर 10 को बेचने का सौदा तय किया। फरियादी मोहम्मद हुसैन के मुताबिक, आरोपियों ने एग्रीमेंट तैयार करवाकर दुकान के एवज में उनसे अलग-अलग किश्तों में कुल उन्नीस लाख अस्सी हजार रुपये नकद व अन्य माध्यमों से ले लिए। रकम वसूलने के बाद भी जब आरोपियों ने दुकान की रजिस्ट्री कराने और कब्जा सौंपने में आनाकानी शुरू की, तो फरियादी को ठगी का अहसास हुआ। आरोपियों ने न तो दुकान फरियादी के नाम की और न ही उसके पैसे वापस लौटाए।शिकायत मिलने के बाद भंवरकुआं पुलिस ने इस पूरे मामले की विस्तृत जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने सौदे से जुड़े अनुबंध पत्र (एग्रीमेंट) को जांच के लिए हैंडराइटिंग एक्सपर्ट)के पास भेजा। एक्सपर्ट की जांच रिपोर्ट में यह पूरी तरह साफ हो गया कि एग्रीमेंट पेपर पर आरोपी महिला यास्मीन बी के ही हस्ताक्षर हैं, जिससे यह साबित हो गया कि आरोपियों ने जानबूझकर धोखाधड़ी के उद्देश्य से यह कागजात तैयार किए थे और पैसे ऐंठे थे।जांच और एक्सपर्ट रिपोर्ट के पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर भंवरकुआं थाना पुलिस ने आरोपी यास्मीन बी और उसके बेटे सुल्तान बेग के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## न्यूज इन बॉक्स

### सेवन साइडर हॉकी स्पर्धा कल से

**इंदौर।** ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी इंदौर एसोसिएशन द्वारा स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित जिला स्तरीय 39वां ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों के लिए 19 मई से स्थानीय चिमनबाग हॉकी मैदान पर चार दिवसीय बालक व बालिकाओं सेवन साइडर हॉकी स्पर्धा आयोजित की गई है। हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला ने बताया कि स्पर्धा लीग पद्धति से खेली जाएगी।

### इंदौर वांडर्स की मुस्कान भारतीय प्रशिक्षण शिविर में आमंत्रित



**इंदौर।** इंदौर की होनहार कबड्डी खिलाड़ी मुस्कान शर्मा का चयन भारतीय महिला कबड्डी टीम के राष्ट्रीय प्राशिक्षण शिविर हेतु किया गया है। यह राष्ट्रीय शिविर 18 मई से 1 जून तक गुजरात के गांधीनगर अहमदाबाद में आयोजित होगा, जिसमें देशभर की चयनित महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगी।

मुस्कान शर्मा इंदौर वांडर्स की नियमित सदस्य हैं तथा राष्ट्रीय स्तर पर कई बार मध्यप्रदेश का सफल नेतृत्व कर चुकी हैं। उनके शानदार प्रदर्शन, अनुशासन एवं निरंतर मेहनत के आधार पर भारतीय प्रशिक्षण शिविर में आमंत्रित किए जाने पर इंदौर वांडर्स परिवार एवं इंदौर के खेल जगत में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। इंदौर वांडर्स परिवार ने मुस्कान शर्मा को उज्ज्वल भविष्य एवं भारतीय टीम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# केएल राहुल ने एक नहीं, दो बार किया ऐसा कारनामा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में रविवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल ने एक बार फिर खास उपलब्धि हासिल कर ली है। केएल राहुल ने आईपीएल 2026 में अपने 500 रन पूरे कर लिए हैं। इसके साथ उन्होंने आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा बार लगातार 500 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में खुद को स्थापित कर लिया है। केएल राहुल ने ऐसा पहली बार नहीं किया है, बल्कि उन्होंने दूसरी मरतबा सबसे ज्यादा बार लगातार 500 या उससे अधिक रन बनाने का कारनामा किया है।

आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा बार लगातार 500 या उससे अधिक रन बनाने का कारनामा ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड वार्नर ने किया है। उन्होंने साल 2014 से लेकर 2020 तक लगातार 6 आईपीएल सीजन में 500 या उससे अधिक आईपीएल रन बनाए थे और इतिहास रच दिया था। इस सूची में दूसरे नंबर पर केएल राहुल का ही नाम है, जिन्होंने साल 2018 से लेकर 2022 तक लगातार पांच सीजन में 500 या उससे अधिक रन बनाए थे। लगातार 500 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में विराट कोहली का नाम तीसरे नंबर पर है। उन्होंने यह कारनामा लगातार चार बार किया है। विराट कोहली ने साल 2023 से लेकर 2026 तक चार बार 500 या उससे अधिक रन लगातार बनाए थे।



**एक आईपीएल सीज़न में लगातार सबसे ज़्यादा बार 500+ रन**

- 6 - डेविड वार्नर 2014-20
- 5 - केएल राहुल 2018-22
- 4 - विराट कोहली 2023-26
- 3 - क्रिस गेल 2011-13
- 3 - शिखर धवन 2019-21
- 3 - साई सुदर्शन 2024-26
- 3 - केएल राहुल 2024-26ङ

इस सूची में क्रिस गेल का नाम भी है, जो विराट कोहली के बाद चौथे स्थान पर हैं। क्रिस गेल ने साल 2011 से लेकर 2013 तक यानी लगातार तीन सीजन 500 या उससे अधिक रन बनाए थे। इस लिस्ट में भारत के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक शिखर धवन का नाम भी शामिल है। उन्होंने साल 2019 से लेकर 2021 तक लगातार तीन सीजन 500 या उससे अधिक रन बनाए थे। साईं सुदर्शन भी आईपीएल 2026 में 500 से अधिक रन पूरे करने के बाद इस लिस्ट में शामिल हो गए हैं। सुदर्शन ने साल 2024 से लेकर 2026 तक लगातार तीन सीजन आईपीएल में 500 या उससे अधिक रन बना लिए हैं। अब इस लिस्ट में लोकेश राहुल ने भी अपनी एंट्री दोबारा दर्ज कर ली है। केएल राहुल ने कल के मैच में 500 रनों का आंकड़ा पूरा करने के साथ ही आईपीएल में लगातार 500 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में खुद को सातवें नंबर पर काबिज कर लिया है। केएल राहुल 2024 से लेकर 2026 तक लगातार तीन सीजन 500 या उससे अधिक रन बना चुके हैं। इससे पहले भी लोकेश राहुल साल 2018 से 2022 तक यानी लगातार 5 सीजन ऐसा कर चुके हैं।




### व्यंकटेश, कीयान, शास्वत, विवान, यशेष व अक्षज मुख्य दौर में

**इंदौर।** म.प्र. टेनिस संघ द्वारा आयोजित एवं पाथ फाउंडेशन व मोयरा सरिया द्वारा प्रायोजित पुनित मेमोरियल एशियन जूनियर अंडर-12 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में हुए क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों में जीत हासिल कर भारत के वी. व्यंकटेश, कीयान बंसल, शास्वत पटेल, विवान गांधी, यशेष तनेजा व अक्षज कुमार ने मुख्य दौर के मुकाबलों में अपना स्थान सुनिश्चित किया। मुख्य दौर के मुकाबले आज से प्रारंभ हुए। इंदौर टेनिस क्लब में खेली जा रही इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में बालक-12 वर्ष के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों में भारत के वी. व्यंकटेश ने जी. इंद्रकांती को 6-1, 6-1 से आसानी से पराजित कर मुख्य दौर में अपनी जगह बनाई। वहीं अन्य क्वालीफाइंग मुकाबलों में कीयान बंसल ने आरव जैन को कडे मुकाबले में 7-64, 6-4 से मात दी। पहले सेट में दोनों खिलाड़ियों के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला, लेकिन कीयान ने अपनी दमदार सर्विस और उम्दा प्लेसमेंट की बदौलत जीत दर्ज की। वहीं एक अन्य मुकाबले में शास्वत पटेल ने रेयांश पटेल को सीधे सेटों में 6-1, 6-1 से, विवान गांधी ने आद्यांत गुप्ता को 6-0, 6-3 से, यशेष तनेजा ने ईशान शर्मा को दो सीधे सेटों में 6-0, 6-3 से तथा सी. अक्षज कुमार ने ग्रीतिक को बेहद आसानी से 6-0, 6-0 से मात देकर मुख्य दौर में अपना स्थान सुनिश्चित किया।

### प्रकाश क्लब के ग्रीष्मकालीन शिविर के पहले चरण का समापन आज

**इंदौर।** प्रदेश में राष्ट्रीय खेल हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले प्रकाश हॉकी क्लब के निशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का पहला चरण का समापन आज होगा। शिविर के दौरान अनुशासित और प्रभावी प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल सामग्री वितरित की जाएगी। प्रकाश क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि हमारा उद्देश्य राष्ट्रीय खेल का विकास करना है। प्रतिवर्षानुसार खेल विभाग के तत्वावधान में निशुल्क शिविर 14 अप्रेल से प्रारंभ हुआ था, जिसके पहले चरण का समापन सोमवार को शाम 5.30 बजे किया जाएगा। रेसीडेंसी क्षेत्र स्थित अभ्यास स्थल पर शिविर के दौरान खिलाड़ियों को खेल की बेसिक जानकारी के साथ अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान शहर के गणमान्यजनों की उपस्थिति में खिलाड़ियों को खेल सामग्री का वितरण किया जाएगा। इस दौरान शिविर में मार्गदर्शन देने वाले प्रशिक्षकों का भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मान होगा। शिविर के दूसरे चरण में चयनित खिलाड़ियों को खेल के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी जाएगी।

# चन्द्रशेखर की घातक गेंदबाजी से एमवायसीसी बना चैम्पियन



**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में एससीसीए द्वारा आयोजित एसवीसीए टी-20 क्रिकेट स्पर्धा का फायनल मैच एमवायसीसी एवं इंदौर कोल्टस के मध्य जिमखाना मैदान पर खेला गया जिसमें इंदौर कोल्टस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19 ओवरों में सभी विकेट खोकर 114 रन बनाये । प्रखर काग ने सर्वाधिक 35 रनों का योगदान दिया । चन्द्रशेखर मंडलोई ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 15 रन देकर 5 सफलताएं अर्जित की साथ ही वेद पाण्डे ने भी 2 विकेट हासिल किये। जवाब में एमवायसीसी की टीम ने 17 ओवरों में 4 विकेट खोकर 118 रन बनाकर यह मैच 6 विकेट से जीतकर विजेता होने का गौरव हासिल किया । मिहिर हिरवानी ने नाबाद 44 रन एवं अभिषेक यादव ने 37 रनों का योदान दिया । सुर्यप्रताप व जयंत गुर्जर ने 2-2 विकेट लिये । एमवायसीसी की इस खिताबी सफलता पर आईडीसीए के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, संजय लुणावत, को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

# लगातार हार के बाद भी श्रेयस को फर्क नहीं पड़ता

**धर्मशाला।** आईपीएल 2026 में पंजाब किंग्स ने लगातार 6 मैच जीतने के बाद अब लगातार 6 हार भी हासिल कर ली है और उसका बुरा दौर शुरू हो गया है। रविवार दोपहर धर्मशाला में खेले गए मैच में आरसीबी ने उन्हें 23 रनों के बड़े से अंतर से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। आरसीबी के खिलाफ मिली हार के बाद पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर अपनी टीम के प्रदर्शन से काफी निराश दिखे। उन्होंने अपने बयान में बताया कि हम पावरप्ले में ही मैच हार गए थे।



### पावरप्ले में ही हाथ से निकल गया मैच

पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर से पूछा गया कि कहां से आपको लगा कि अब मैच हाथ से निकल रहा है। इसका उन्होंने बड़ी ईमानदारी से जबाव दिया। अय्यर ने कहा, जाहिर है, उन्होंने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले के बाद गेंदबाजों पर हमला बोलना शुरू कर दिया। मुझे लगता है कि 222 रन बनाना सराहनीय प्रदर्शन था और हम गेंदबाजी में ज्यादा विकेट नहीं ले पाए। अय्यर ने कहा मुझे लगता है कि मैच पावरप्ले में ही हाथ से निकल गया था। शुरुआती विकेट गिरने के बाद मुश्किल लक्ष्य का पीछा करने पर श्रेयस अय्यर ने कहा बिल्कुल, हमारे तीन विकेट गिर चुके थे और हमारे ज्यादातर रन प्रभसिमरन और प्रियांश ने बनाए थे। पावरप्ले में वे हमें जो शुरुआत देते थे, ज़ाहिर है इस बार हम वैसी शुरुआत नहीं कर पाए और साथ ही मेरा जल्दी आउट हो जाना भी निराशाजनक रहा।

इस मैच में मिली हार और लगातार 6 हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर काफी निराश नजर आए और उन्होंने अपनी निराशा को शब्दों में भी बयांन किया। श्रेयस अय्यर ने सीधे शब्दों में अपने दुख को व्यक्त करते हुए कहा बहुत निराश हूं, लेकिन शशांक और स्टोइनिस और बीच के कुछ अन्य बल्लेबाजों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। मुझे लगता है कि हम लगभग 10 रन प्रति ओवर की रफ्तार से अच्छा खेल रहे थे, लेकिन हां, लक्ष्य से चूक गए। उन्होंने भुवनेश्वर कुमार और हेजलवुड की गेंदबाजी की तारीफ करते हुए कहा भुवी और हेजलवुड की गेंदबाज़ी जबरदस्त थी।

# एमजीएम मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल की 5वीं मंजिल से गिरकर डॉक्टर की मौत

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

## रात 2 बजे परिसर में लहूलुहान मिला डॉक्टर का शव, सुसाइड और हादसे के बिंदुओं पर जांच शुरू

शहर के एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया जहां मेडिसिन विभाग के फाइनल ईयर के एक पीजी डॉक्टर की हॉस्टल की 5वीम मंजिल से गिरने के कारण मौत हो गई। डॉक्टर का शव हॉस्टल परिसर में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। सूचना मिलते ही संयोगितागंज थाना पुलिस मौके पर पहुँची और मामले को जांच में लिया है। पुलिस फिलहाल आत्महत्या और हादसा, दोनों ही पहलुओं से मामले की पड़ताल कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, घटना बीती रात करीब 2 बजे की है। एमजीएम बॉयज हॉस्टल परिसर के ब्लॉक नंबर-5 के पास अचानक कुछ गिरने की आवाज आई, जिसके बाद वहां मौजूद अन्य छात्रों ने जाकर देखा तो परिसर में डॉक्टर का शव लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। हॉस्टल में सीनियर डॉक्टर की इस तरह मौत की खबर फैलते ही पूरे परिसर और मेडिकल कॉलेज में सनसनी फैल गई। आनन-फानन में इसकी सूचना कॉलेज



प्रबंधन और स्थानीय पुलिस को दी गई। मृतक की पहचान डॉ. अमन पटेल (30) के रूप में हुई है। डॉ. अमन एमजीएम मेडिकल कॉलेज के मेडिसीन विभाग में फाइनल ईयर के पीजी स्टूडेंट थे और महज कुछ ही महिनें में उनका यह पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स पूरा होने वाला था।

बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी एमबीबीएस की पढ़ाई जबलपुर से पूरी की थी और वे मूल रूप से जबलपुर के ही रहने वाले थे। संयोगितागंज थाना पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को तुरंत पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल भिजवाया। पुलिस को जांच के दौरान मृतक के पास या कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला आत्महत्या का है या फिर पैर फिसलने की वजह से हुआ, यह अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और डॉ. अमन के मोबाइल रिकॉर्ड्स व हॉस्टल के अन्य छात्रों के बयान दर्ज होने के बाद ही मौत की असल वजह साफ हो पाएगी।

# पेट में चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने वाला चंद घंटों में गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

चंदन नगर थाना क्षेत्र में शनिवार को दिनदहाड़े एक व्यक्ति पर चाकू से जानलेवा हमला किया गया। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी को भागने का मौका नहीं दिया और उसे तुरंत सलाखों के पीछे पहुँचा दिया।



पुलिस के अनुसार, घटना चंदन नगर क्षेत्र अंतर्गत चंदूवाला रोड की है। यहाँ से गुजर रहे फरियादी मेहबूब कुरैशी पिता जब्बार कुरैशी निवासी मिश्रा वाला रोड पर आरोपी सुनील ने अचानक हमला कर दिया। आरोपी सुनील और मेहबूब के बीच पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते और जान से मारने की नीयत से आरोपी सुनील ने लोहे का तेजधार चाकू निकाला और मेहबूब के पेट में घोंप दिया। चाकू लगते ही मेहबूब लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा, जिसे गंभीर हालत में तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ उसका उपचार जारी है।दिनदहाड़े हुई इस वारदात को वरिष्ठ अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। बदमाशों की धरपकड़



के लिए चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने तत्काल घटनास्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की और वारदात के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को हिरासत में ले लिया।पुलिस गिरफ्त में आए आरोपी की पहचान सुनील पिता दयाराम भील निवासी – धर्मराज कॉलोनी के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा की गई प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सुनील ने मेहबूब पर जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया लोहे का तेजधार चाकू भी बरामद कर लिया है। पुलिस अब आरोपी से घटना के संबंध में और विस्तृत पूछताछ कर रही है कि इस विवाद में कोई और भी शामिल था या नहीं।





# खजराना में टेंट हाउस के 6 गोदाम जलकर खाक

## 5 घंटे बाद भी धधक रही लपटें

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

खजराना थाना क्षेत्र में आज तड़के टेंट हाउस गोदामों में भीषण आग लग गई। आग इतनी विकराल थी कि उसने देखते ही देखते करीब 10 हजार स्क्वायर फीट के दायरे में बने एक के बाद एक 6 गोदामों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद पास ही स्थित रहवासी बस्ती में हड़कंप मच गया और लोग डर के मारे घरों से बाहर निकल आए। सूचना के बाद मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की 6 दमकलों और 40 से अधिक कर्मचारियों की टीम 5 घंटे से ज्यादा समय बीतने के बाद भी आग पर पूरी तरह काबू पाने का प्रयास कर रही है। राहत की बात यह है कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

फायर ब्रिगेड को आज सुबह करीब 4.40 बजे खजराना क्षेत्र के कर्बला रोड पर कुएं के पास स्थित गोदामों में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही एएसआई सुशील दुबे के नेतृत्व में गांधी हॉल और अन्य फायर स्टेशनों से दमकलें और टैंकर मौके पर रवाना किए गए। आग की तीव्रता को देखते हुए नगर निगम और स्थानीय पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुँच गईं। सुबह पौने 11 बजे तक लाखों लीटर पानी और फोम केमिकल का इस्तेमाल किया जा चुका था, लेकिन टेंट और सजावट के सामान में लगी आग रह-रहकर सुलग रही है। इन गोदामों में शादी-समारोह, सजावट और इवेंट मैनेजमेंट से जुड़ा भारी मात्रा में कपड़ा, लकड़ी, प्लास्टिक और अन्य ज्वलनशील सामान रखा हुआ था, जो पूरी तरह जलकर खाक हो गया है। इस हादसे में टेंट कारोबारियों को लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान है। मौके पर पहुँचे टीआई मनोज सेंधव ने बताया कि संभवतः शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ होगा। गोदामों के ठीक पास में घनी रहवासी बस्ती होने के कारण प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती आग को फैलने से रोकने की थी। दमकल कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए आग की लपटों को बस्ती की दिशा में बढ़ने से रोक दिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि,आसमान में छाए काले धुएं के गुबार और तीखी गंध के कारण आसपास के रहवासियों को सांस लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट ।**

मानपुर थाना पुलिस ने एबी रोड स्थित भैरूघाट पर एक कार्रवाई करते हुए बाइक सवार दो गांजा तस्करों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से तलाशी के दौरान 4 किलो 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है, जिसकी बाजार में कीमत करीब 80 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही मोटरसाइकिल को भी जब्त कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि इस अवैध नशे की खेप को धामनोद क्षेत्र से सप्लाय किया गया था।





मानपुर पुलिस के अनुसार, कल रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि मोटरसाइकिल से गांजे की एक बड़ी खेप इंदौर की तरफ ले जाई जा रही है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रात करीब 11 बजे एबी रोड पर अजनार नदी के पुल भैरूघाट पर घेराबंदी की। कुछ ही देर में संदिग्ध बाइक वहां पहुँची, जिसे रोककर जब तलाशी ली गई तो उसमें से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से ही दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान विशाल और शिव के रूप में हुई है। ये दोनों आरोपी इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र स्थित न्यू गोविंद कॉलोनी खारचा के निवासी हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के सामने इस पूरे नेटवर्क का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि यह गांजा उन्हें बाणगंगा के ही रहने वाले शिवम दुबे ने धामनोद क्षेत्र से लाकर दिया था, जिसे वे आगे खपाने की फिराक में थे। मुख्य सप्लायर का नाम सामने आते ही मानपुर पुलिस ने उसे नामजद कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए एक विशेष टीम को तत्काल धामनोद रवाना किया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि शिवम की गिरफ्तारी के बाद क्षेत्र में चल रहे नशे के इस बड़े नेटवर्क और अन्य गुर्गों का पर्दाफाश हो सकेगा।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान,मां चाय देने पहुँची तो फंदे पर लटका मिला

**इन्दौर।** आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने अपने ही घर में अज्ञात कारणों के चलते मौत को गले लगा लिया। घटना के समय युवक घर में अकेला था और उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। मृतक का नाम नितेश पिता राजेश (29)निवासी खरवार मोहल्ला, आजाद नगर है। नितेश के चचेरे भाई अनिल ने बताया कि कल सुबह जब नितेश की मां उसे रोज की तरह सुबह की चाय देने के लिए उसके कमरे पर पहुँची, तो कमरा अंदर से बंद था। मां ने नितेश को कई आवाजें दीं और दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई हलचल नहीं हुई। अनहोनी की शंका होने पर परिजनों ने तुरंत मिलकर कमरे का दरवाजा तोड़ा, तो अंदर नितेश फंदे पर लटका हुआ था।परिजनों ने आनन-फानन में फंदे से नीचे उतारा और उसे बेसुध हालत में तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर भागे। लेकिन दुर्भाग्यवश, अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक, अस्पताल लाने से काफी पहले ही युवक की मौत हो चुकी थी।चचेरे भाई के अनुसार, नितेश एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करने के साथ-साथ पार्ट-टाइम में रैपिडो चलाने का काम भी करता था। उसकी पत्नी कुछ दिनों पहले ही अपने मायके रतलाम गई हुई थी। घर में सब कुछ सामान्य लग रहा था, ऐसे में नितेश ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसको लेकर परिवार के लोग भी हैरान और सदमे में हैं।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।